## खबर संक्षेप

### आंगनवाड़ी केन्द्र में डस्ट बिन एवं मटकों का वितरण



**परासिया।** नगर के वार्ड क्रमांक एक एवं वार्ड क्रमांक 2 की आंगनवाड़ी केन्द्रों में ब्लाक महिला कांग्रेस परासिया के द्वारा डस्टबिन एवं मटकों का वितरण किया गया। ज्ञात हो कि भीषण गर्मी को देखते हुए एवं आंगनवाड़ी में छोटे बच्चों को ठंडा पानी मिले इस उद्देश्य से मटकों का वितरण किया गया है। ब्लाक अध्यक्ष अंजलि श्रीवास्तव ने बताया कि आगामी समय मे नगर की ओर भी आंगनवाड़ी केन्द्रों में डस्टबीन ओर मटके प्रदान किये जायेंगे। कार्यक्रम में सर्वश्री अंजलि श्रीवास्तव फेमुन्निशा क़ुरैशी सुनीता यादव ज्योति कैथवास। वार्ड नम्बर 2की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती उषा यादव सहायिका श्रीमती निर्मला डेहरिया आशा कार्यकर्ता श्रीमती चाँदनी डेहरिया वार्ड नम्बर एक से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती कविता डेहरिया। आशा कार्यकर्ता श्रीमती तमन्ना शेख एवं ए, एन, एम ,श्रीमती एच, कपाले एवं वार्ड की मात्रशक्तिया उपस्थित थी।

### पांढुर्ना पुलिस को मिले 3 वाहन

**पांढुर्ना।** आज जिला पांढुर्ना पुलिस को 3 वाहन मिलने से पुलिस के चेहरे पर संतोष दिख रहा है। यहां उल्लेखनीय है जिला पुलिस अधिक्षक सुंदर सिंह कनेश और अति जिला पुलिस अधिक्षक नीरज सोनी कई माह से शासन से नए वाहन मिल जाए इसके लिए प्रयासरत थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार दो बोलेरो जीप और एक लोडेड वाहन पुलिस को आवंटित किया गया हैं।

### मंडल अध्यक्ष ने माना आभार


**छिंदवाड़ा।** भारतीय सेना के प्रति सम्मान और आभार जताने के लिए निकाली जा रही तिरंगा यात्रा में सांसद बंटी विवेक साहू लगातार शामिल हो रहे हैं। इसी क्रम में गत दिनों सारना ग्रामीण मंडल में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान तिरंगा वाहन रैली में शामिल लोगों द्वारा लगाये गये भारत माता और भारतीय सेना के जयकारों से सारना सहित कई गांव गुंजायमान हो गए थे।

## कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्यवाही, आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 6 किलो गांजा किया जप्त

# गांजा की तस्करी कर रहे दो तस्करों को गांजे सहित धर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा





कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को छह किलो गांजा के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक छिन्दवाडा अजय पाण्डे (आई.पी.एस.) द्वारा जिले मे जुआ , सट्टा, शराब तथा मादक पदार्थ की तस्करी मे प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देश जारी किये गये थे, जो निर्देश के पालन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री आयुष गुप्ता (आई.पी.एस) एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री अजय सिंह राणा के मार्गदर्शन मे अवैध मादक पदार्थो की विक्रय एवं परिवाहन मे संलिप्त व्यक्तियो के विरुध्द प्रभावी कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार गोल्हानी के नैतृत्व मे कोतवाली पुलिस टीम द्वारा मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करते हुए दो तस्कर 01.कादिर खान पिता सादिक खान 02. अफरोज खान पिता फरीद खान से कुल 06 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की है। **घटना का संक्षिप्त विवरण**- 23.05.2025 को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी दो लडके जिसमे एक लडका जो पिंक कलर की हाफ टीशर्ट,व काले रंक का लोवर पहने हुए व दाढी बढी हुई है, उम्र करीबन 25-30 वर्ष एवं दूसरा लडका सफेद नीले आसमानी पट्टे वाली हाफ शर्ट व आसमानी रंग का जींस पहने है उम्र करीबन 20-22 वर्ष अपने पास रखे काले रंग के थैला मे गंजा रखे हुए है बेचने की फिराक मे बैतुल बायपास तरफ खडे है, सूचना पर टीम गठित कर मुखबिर के बताये अनुसार बैतुल बायपास रोड पहुचकर घेराबंदी की गई घेराबंदी कर दो संदेही को पकडा जिनसे नाम पता पुछने पर अपना नाम कादिर खान पिता सादिक खान उम्र-22 वर्ष निवासी- शिवनगर कालोनी छिंदवाडा थाना कोतवाली जिला छिन्दवाडा एवं अफरोज खान पिता फरीद खान उम्र-25 वर्ष निवासी-शिवनगर कालोनी छिंदवाडा थाना कोतवाली जिला छिन्दवाडा के होना बताया जिनके पास रखे बैग से पृथक - पृथक 03- 03 किलो मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया एन.डी.पी.एस. के प्रावधानो का पालन करते हुए दोनो आरोपियो से कुल 06 किलो मादक पदार्थ गांजा एवं दो मोबाईल जप्त किया गया आरोपियो के विरुध्द अपराध क्र. 309/2025 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया। आरोपीगणो द्वारा गांजा कहा से लाया गया है, इस संबंध मे पुलिस जाँच कर रही है ,आरोपीगणो को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है।गिरफ्तार आरोपी –01. कादिर खान पिता सादिक खान उम्र-22 वर्ष निवासी- शिवनगर कालोनी छिंदवाडा, थाना कोतवाली जिला छिन्दवाडा 02. अफरोज खान पिता फरीद खान उम्र-25 वर्ष निवासी-शिवनगर कालोनी छिंदवाडा, थाना कोतवाली जिला छिन्दवाडाजप्ती माल- दो काले बैग के अंदर 03 + 03 = 06 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा किमती 1,20 000/- , एक सैमसंग कंपनी का एण्डराईड मोबाईल कीमती 20,000/- एवं एक नोकिया कंपनी का की.पेड मोबाईल कीमती 1000 (कुल मशरुका 1,41,000) रुपये आपराधिक रिकार्ड -कादिर के विरुध्द पूर्व के दो अपराधिक मारपीट के प्रकरण पंजीबध्द है।

## उर्स में जमा हुई बेतहाशा भीड़, कव्वालों को भी करना पड़ा दिक्कतों से मुकाबला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

कव्वाली का शानदार मुकाबला , ये शब्द जहां कहीं उर्स का आयोजन होता है , तब सुनने को मिलता है। बाबा चांद शाह वली के उर्स के दौरान भी यही सुनने को मिला। इस शब्द का मतलब यह है , कि दो कव्वालों की बीच मुकाबला होना। चांदशाह वली उर्स के अंतिम दिन दो बड़े कव्वालों के बीच मुकाबले का आनंद लेने उर्स में बेतहाशा भीड़ पहंची। जिसके चलते कव्वालों को क ई दिक्कतों से भी मुकाबला करना पड़ा।कोयलांचल में बाबा चांदशाह वली का 69 वां सालाना उर्स बड़ी धूमधाम से मनाया गया। उर्स का समापन 22 मई गुरूवार को हुआ। उर्स में मुंबई के मशहूर कव्वाल शब्बीर सदाकत साबरी और रईस अनीस साबरी ने शिरकत की। उर्स में एक ओर जहां दरगाह में चादरें चढ़ाने वालों का तांता लगा रहा वहीं कव्वाली सुनने के लिए बेतहाशा भीड़ उमड़ी। लंबे समय के बाद बाबा चांदशाह वली के उर्स में इतनी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। भीड़ के चलते कव्वाली का कार्यक्रम कई बार बाधित हुआ। आयोजन समीति को भी भीड़ को नियंत्रित करने काफी मशक्कत करनी पड़ी। कार्यक्रम में विधायक सोहन , वाल्मीकि सहित स्थानीय जन प्रतिनिधि , प्रशासनिक अधिकारी भी शामिल हुए। चांदामेटा अंजुमन कमेटी के सदर जावेद अली और उर्स कमेटी के सदर अशरफ (बबलू) खान ने सभी मेहमानों और उर्स में आए तमाम लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## रामा मेंस वेयर के सामने खड़ी स्कूटी से 70 हजार निकाल पल्सर से चंपत हुए बदमाश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

आज सुबह 11.30 बजे स्टेशन रोड पर स्थित रामा शसू के सामने खडी बाइक की डिक्की तोडकर अज्ञात आरोपी 70 हजार रू लेकर चंपत हो गए। पीडित जनरल स्टोर संचालक दीपक मस्के निवासी गांधी वार्ड के अनुसार उन्होंने पहले बैंक ऑफ महाराष्ट्र से 70 हजार रू. नगदी निकाले। इस रकम को अपनी बाइक की डिक्की में रख दिया।

इसके बाद दीपक जिला सहकारी बैंक में 50 हजार रू. निकालने के लिए गए। इसके पहले बाजू में स्थित रामा मेन्स वेअर नामक दुकान के सामने इन्होंने अपनी बाइक पार्क की और जिला सहकारी बैंक में चले गए। इस बीच दो बदमाश बाइक पर आए और दीपक के गाडी की डिक्की का लॉक तोडा और 70 हजार लेकररफुचक्कर हो गए।

बदमाशों द्वारा बाइक की डिक्की तोडने और राशि निकालकर चंपत होने का सीसीटीवी फुटेज पुलिस ने हासिल किया है। पुलिस सक्रियतापूर्वक राशि लेकर फरार होनेवाले आरोपियों को तलाश रही है।

## सांसद ने सेवाग्राम और दादाधाम ट्रेन शुरू करने का रखा प्रस्ताव

**छिंदवाड़ा।** मध्य रेलवे नागपुर में सांसदों की मंडल स्तरीय बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। जिसमें सांसद बंटी विवेक साहू ने शामिल होकर छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिलें में संचालित हो रहे रेलवे स्टेशनों में यात्रियों एवं जनप्रतिनिधियों से मिल रही समस्याओं का मुद्दा उठाते हुए रेल सुविधाओं में बढ़ोत्तरी की मांग रखी। इन मुद्दों पर रेल अधिकारियों ने अपने जबाव प्रस्तुत किए। मध्य रेलवे की बैठक में सांसद श्री साहू ने नागपुर से खंडवा तक दादाधाम रेल को पुनः शुरू करने, छिंदवाड़ा से मुंबई की कनेक्टिविटी बढ़ाते हुए सेवाग्राम एक्सप्रेस को छिंदवाड़ा तक बढ़ाने, पांढुर्णा रेलवे स्टेशन में आरओबी के निर्माण और पांढुर्णा स्टेशन में अन्य ट्रेनों के स्टापिज की मांग के साथ ही छिंदवाड़ा से ठिसगोरा तक नई रेल लाईन का डीपीआर तैयार करने सहित अन्य प्रस्ताव रखे। उन्होंने छिंदवाड़ा शहर में बनने वाले दो रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण का मुद्दा उठाते हुए बताया गया कि यदि यह ब्रिज बन जाते है तो रेलवे को आर्थिक लाभ होगा व उनका मेनपवार भी कम लगेगा एवं नागरिकों को सुविधा होगी। जिसमें रेलवे अधिकारियों द्वारा बताया गया कि वर्क्स प्रोग्राम 2024-25 में लागत साझाकरण आधार पर 50-50 प्रतिशत की भागीदारी का प्रस्ताव प्रस्तावित कर दिया गया है जिस पर उचित कार्यवाही की जायेगी।

### गांगीवाड़ा रेलवे स्टेशन का उठाया मुददा

सांसद श्री साहू ने गांगीवाड़ा रेलवे स्टेशन की समस्याओं का मुद्दा उठाते हुए बताया कि यहां पर यात्रियों के लिए पीने का पानी उपलब्ध नहीं है साथ ही यात्रियों को बैठने के लिए बेंच,शेल्टर,वाटर स्टेंड बनाया जाए, यहां पर महिला एवं पुरूष दिव्यांग शौचालय भी नहीं है। जिसके जबाव में अधिकारियों द्वारा बताया गया कि यात्रियों के लिए पेयजल सुविधा हेतु बोरिंग का काम प्रगति पर है, उच्च स्तर के प्लेटफार्म का प्रावधान जिसमें शौचालय ब्लॉक, पानी के स्टैण्ड, बैठने की व्यवस्था और दिव्यांगों के लिए सभी सुविधाओं के साथ दूरसंचार सुविधाएं प्रदान करने का कार्य अम्ब्रेला 2024-25 में प्रस्तावित किया गया है।

### परासिया क्षेत्र के स्टेशनों में सुविधाएं बढ़ाने की रखी मांग

सांसद श्री साहू ने परासिया क्षेत्र के रेलवे स्टेशन की समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया कि परासिया,जुन्नारदेव,नवेगांव एवं बोरदेही में पातालकोट गाड़ी के कोच प्लेटफार्म के बाहर निकल जाते है जिससे यात्रियों को चढ़ने उतरने में दिक्कत होती है। यहां पर प्लेटफार्म की लंबाई बढ़ाने की आवश्यकता है।

## ऑपरेशन सिंदूर के तहत सिंगोड़ी में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**सिंगोड़ी:** सिंगोड़ी में आज ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना के शौर्य को सम्मान देने के लिए भाजपा मंडल ने विशाल पैदल तिरंगा यात्रा निकाली गई। उक्त यात्रा उस दर्दनाक घटना के बाद निकाली गई जिसमें कश्मीर के पहलगाम में धर्म



पूछकर 26 पर्यटकों की हत्या कर दी गई थी। तिरंगा यात्रा की शुरुआत ग्राम पंचायत भवन सिंगोड़ी से निकाली गई जो कि सिंगोड़ी मेन रोड से होते हुए विभिन्न मोहल्लों से नगर भ्रमण करते हुए बस स्टैंड सिंगोड़ी पुलिस चौकी के पास पहुंची। जहां वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाया गया। इस यात्रा में समाजसेवी संस्थाएं सहित भाजपा मंडल के सभी आनुषांगिक संगठन और युवा कार्यकर्ता महिला कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल हुए। देशभक्ति के रंग में रंगी तिरंगा यात्रा में शामिल युवाओं ने बड़े बड़े तिरंगे झंडे हाथो में थाम रखे थे, जबकि अन्य लोग छोटे-छोटे तिरंगे लेकर चल रहे थे। डीजे पर बजते देशभक्ति गीतों ने माहौल को जोशीला बना दिया। पूरे रास्ते में लोग भारत माता की जय वंदे मातरम के नारे लगाते हुए यात्रा के साथ थे और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बारे में लोगो को बतलाया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सोनू सरसवार , डॉक्टर उमेश शर्मा ,योगेश यादव, पुष्पकुमार जैन, परसादी पटेल,रामकिशोर साहू, केशव पटवा ,राजेश कहार, विजय पटेल , दीपक साहू,धीरज मालवी ,अनमोल बत्रा, अंकित जैन, स्वप्निल कंच ,राजकुमार चंद्रवंशी ,संजय सोनी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## भारतीय सेना के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता शौर्य और पराक्रम को समर्पित तिरंगा यात्रा निकल गई। भाजपा पगारा मंडल अध्यक्ष सोनू यादव के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा प्रभारी ज्योति डेहरिया , शहरी मंडल अध्यक्ष बल्लू नागी शामिल हुए। यात्रा ग्राम पंचायत भमोड़ी बस स्टैंड प्रारंभ हुई। भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे से सड़के गूंज उठी। तिरंगा रैली भाजीपानी , इकलेहरा से होकर अंबाड़ा पहुंची। जहां रैली का समापन हुआ। तिरंगा रैली का स्वागत पुष्प वर्षा के साथ महिलाएं द्वारा किया गया। जिसमें महिलाओं ने तिरंगा झंडा की पूजा कर भारत माता की जय का नारा लगाए। तिरंगा रैली में मुख्य रूप से मंडल महामंत्री परसू यदुवंशी , मंडल उपाध्यक्ष जनपद सदस्य विजय साहू , मंडल मंत्री हीरालाल पाल , किसान मोर्चा अध्यक्ष दीपक राय , जगदीश डेहरिया , भूरा कौरव , नीरज नायक , राजेश विश्वकर्मा , कुलदीप राजपूत , डॉक्टर आकाश साहू , अंसार सिद्दीकी , राजेश डेहरिया , विकास अग्रवाल , सतीश बरमैया , अमित यादव जनसमूह उपस्थित रहे।

## ससुर की हत्या के आरोपी दामाद को आजीवन कारावास

### जुन्नारदेव न्यायालय ने सुनाया फैसला, पांच हजार रूपए का लगाया अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



शुक्रवार को अपर सत्र न्यायाधीश जुन्नारदेव श्री महेंद्र मांगोदिया द्वारा सत्र प्रकरण क्रमांक 25/2024 थाना जुन्नादेव के अपराध क्रमांक 289/2024 में निर्णय पारित करते हुए आरोपी असन लाल परतेती पिता गजनलाल परतेती उम्र 46 साल निवासी ग्राम ढाला पठार खमराकला थाना जुन्नादेव,जिला छिंदवाड़ा को अपने ससुर बिस्तुलाल धुर्वे की हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं , 5000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किए जाने का निर्णय पारित किया गया है। अपर लोक अभियोजक पंकज श्रीवास्तव द्वारा मध्य प्रदेश शासन की ओर से पैरवी की गई तथा बताया गया की घटना का विवरण इस प्रकार हैं की दिनांक 03/07/24 को सुबह 10:00 बजे के आसपास प्रार्थिया संगीता परतेती ने बताया कि वह घर पर काम कर रही थी और उसकी बेटी घर के बाहर गांव में गई थी उसे समय प्रार्थिया का पति असनलाल घर के बाजू वाले कोठे में बिस्तुलाल और असनलाल के मध्य वाद विवाद चल रहा था फिर बाद में अचानक आवाज आना बंद हो गई प्रार्थियों ने जाकर देखा तो बिस्तुलाल खटिया के नीचे पड़े थे सर के पास से खून निकल रहा था और पास में ही घर की कुल्हाड़ी जमीन पर पड़ी हुई थी जिस पर खून लगा था प्रार्थीया ने देखा कि उसके पिता बिस्तुलाल की मृत्यु हो चुकी थी उसके पिता बिस्तुलाल की कुल्हाड़ी से मारकर पति असन लाल ने ही हत्या की थी पुलिस द्वारा घटना स्थल पर पहुंच कर संगीता परतेती के बताएं अनुसार देहाती नालिसी लेख कर प्रकरण पंजीबद्ध किया जिस पर प्रार्थी ने बताया कि उसके पति असनलाल घर जमाई थे और ससुर मृतक बिस्तुलाल के घर ग्राम मोहरिया में निवास कर रहा था बात-बात पर वह अपनी पत्नि प्रार्थियों के साथ गाली-गलौच करता था जिससे परेशान होकर बिस्तुलाल उन्हें मना करते थे इसी से गुस्से में आकर वाद विवाद के दौरान असन लाल ने ससुर बिस्तुलाल की कुल्हाड़ी से वार कर सिर पर चोट पहुंचाई जिससे उसकी मृत्यु हो गई।

## नगर पालिका दमुआ में लापरवाही का आलम

### जल कनेक्शन में खराबी भी पम्पलर करते है लापरवाही



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

नगर पालिका के अंतर्गत दमुआ क्षेत्र के वार्ड नंबर 11 दमुआ नंबर 12 में घोर लापरवाही बरती जा रही नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा लापरवाही और मनमानी की जाती है वार्ड नंबर 11 क्षेत्र में असुविधाओं का आलम है वार्ड में नियमित सब सफाई कर्मचारी नहीं आते सफाई कर्मचारी अन्य तीन-चार दिन के अंतराल में आना चाहिए परंतु 15 दिन हो जाते हैं वार्ड में झाड़ू तक नहीं लगती वार्डवासियों का कहना है कि हम सभी तरह का टैक्स नगर पालिका को देते हैं तब भी जैसे नल जल व्यवस्था तो इतनी खराब है जिससे वार्ड वासी अच्छे खासे परेशान है। वार्ड के बंपर द्वारा अपनी मनमानी करते हैं पानी देने का कोई टाइम टेबल नहीं है जब चाहे तब नल खोल देते हैं और तो और जब किसी के घर का नल कनेक्शन में कोई खराबी आती है तो पंपर द्वारा लापरवाही से काम करते हैं नल सुधारते वक्त मिट्टी तो खोद कर जैसे तैसे नल कनेक्शन जोड़ता है कच्चा पक्का और बाद में उसे गड्ढे को मिट्टी के भराव से पूरते नहीं जैसा का वैसा छोड़ देते हैं जिससे कि अन्य व्यक्ति के नल कनेक्शन को नुकसान पहुंचता तो इसके जिम्मेदार कौन है और एक दो नल कनेक्शन तो ऐसे हैं जहां से पानी हमेशा बहता रहता है जिससे कि पानी की बर्बादी होती है महिलाओं का कहना है कि घरेलू काम के साथ-साथ बाहर के काम भी करना पड़ता है वार्ड के पंपर अपने हिसाब से नल खोलते हैं कोई टाइम नहीं है इस अव्यवस्थित नगर पालिका के कर्मचारियों से वार्ड वासी काफी परेशान रहते हैं किंतु नल जल प्रभारी को बताने पर भी इस और ध्यान नहीं दिया जाता जनप्रतिनिधियों एवं नगर पालिका के अधिकारियों को कर्मचारियों के प्रति डिसिप्लिन बनाना चाहिए ताकि वार्ड वासियों को अच्छी सुविधा मिल सके जो जनता के हित में काम करें।

## पार्टीजन का कहना कुछ दूरी पर ही भूल सुधार कर ली गई

# सेना के पराक्रम के सम्मान में निकाली गई तिरंगा यात्रा, उल्टा तिरंगा बना चर्चा का विषय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

पुलवामा में आतंकियों के हमले में जान गवाने वालों के बदले भारतीय सेना ने पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर सेना ने अपने पराक्रम से आतंकवादियों के ठिकाने नष्ट किए थे। जिसके सम्मान में देशभर के साथ तामिया में भी तिरंगा यात्रा निकाली गई। बचपन से भी सिखाया जाता है। ध्वज केसरिया सफ़ेद हरा कहां होगा। भाजपा के कई संगठन के सदस्यों की मौजूदगी में किसी नें झंडा पकड़ना भी नहीं सिखाया। भाजपा जिलाध्यक्ष की सहमति से तामिया मंडल की समिति की घोषणा 4 मई को की गई और व्हाट्सएप ग्रुप पर लोगों ने इस झंडे के बारे में सोशल मीडिया पर वायरल किया। वहीं पूरे देश में



भारतीय सेना के सम्मान में आतंकवाद के विरुद्ध भारतीय सेना के द्वारा अद्वितीय शौर्य प्रदर्शन कर आतंकी कैंप को नष्ट कर 100 से ऊपर आतंकियों को अपने अंजाम तक पहुंचा दिया गया। वहीं सेना के मनोबल बढ़ाये रखने में अपना समर्थन पूरा देश दे रहा है किंतु तामिया में तिरंगा यात्रा में भारत की शान ध्वज उल्टा लेकर दिखाई दिये जो तिरंगा यात्रा में चर्चा का विषय बना रहा क्या तामिया में तिरंगा उल्टा देखा गया जो चर्चा का विषय रहा वही झंडा को व्यवस्थित करने वालों की गलती ही माना जाए कि उन्होंने डंडे में झंडा गलत तरीके से लगा दिया उसका नतीजा है कि तिरंगा उल्टा रैली में देखने मिला इसे मानवीय भूल ही कहा जा सकता है क्योंकि हिंदुस्तान में ऐसे कम ही लोग होंगे जो तिरंगा झंडा को अपमानित करने का प्रयास करें तिरंगा यात्रा तामिया की रैली में उल्टा तिरंगा आमजनों की एवं पार्टी पदाधिकारी की चर्चा अनुसार भूलबस हो पाया मनसा किसी की गलत नहीं थी।

### इनका कहना है

उल्टे तिरंगे मामले में जब तामिया भाजपा मंडल महामंत्री विनय साहू से चर्चा की गई तो उन्होंने तिरंगे की सिलाई उखड़ जाने के कारण झंडे का डंडा बाहर निकल गया था जिसे तुरंत सही तरीके से लगा दिया था।

**विनय साहू, महामंत्री भाजपा मंडल तामिया**

वही तामिया भाजपा मंडल उपाध्यक्ष रियाज खान से चर्चा की गई तो उन्होंने बतलाया तिरंगे में उल्टा डंडा लग गया था जिसे रैली के कुछ दूरी पर सुधार कर लिया गया। इसे मानवीय भूल की दृष्टि से देखा जाए ना कि राष्ट्र के अपमान से।

**रियाज खान, तामिया भाजपा मंडल उपाध्यक्ष**

## नपा ने की सिंगल यूज प्लास्टिक बेचने वाले 7 दुकानों कारवाई



**पांढुर्ना।** कल दोपहर में नगरपालिका सीएमओ राजकुमार इवनाती के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के दल ने शहर में तीन शेर चौक, शिवाजी चौक और वरूड रोड स्थित वेजीटेबल मार्केट में अमानक प्लास्टिक की सामग्री रखनेवाले दुकानदारों पर कारवाई की। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमानक, प्रतिबंधित पॉलिथीन या सिंगल यूज प्लास्टिक इस कारवाई में 7 दुकानदारों से नगरपालिका ने जुर्माने के तौर पर 2000 रू. वसूल किए है। इस कारवाई में स्वच्छता निरीक्षक संजय कवडे, स्वच्छता उपनिरीक्षक रवि चौधरी, स्वच्छता पर्यवेक्षक तथा नपा का अमला मौजूद रहा।

### श्री छत्रपति शिवाजी महाराज चौक से शुरू हुई यात्रा

# तिरंगा यात्रा निकालकर किया भारतीय सेना का गुणगान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

भारत माता की जय,भारतीय सेना जिंदाबाद जिंदाबाद के नारों से सौसर नगर गूंजता हुआ नजर आया, वक्त था ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेवा को मिली भारी जीत पर विशाल तिरंगा यात्रा कार्यक्रम का, शुक्रवार को शाम 4 बजे विशाल तिरंगा यात्रा का शुभारंभ श्री छत्रपति शिवाजी महाराज चौक से श्री छत्रपति शिवाजी महाराज के प्रतिमा पर माल्यार्पण पूजन के साथ में पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहड़,एड हरीश बत्रा, के हस्ते किया गया, रैली में उपस्थित युवाओं बुजुर्गों महिलाओं ने हाथों में तिरंगा लेकर भारतीय सेवा के वीरों का गुणगान करते हुए भारत माता के जय का जय घोष किया, तिरंगा यात्रा नगर के छत्रपति शिवाजी महाराज चौक से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए तहसील कार्यालय के जय स्तंभ चौक पर श्रद्धांजलि सभा के रूप में परिवर्तित हुई है।तिरंगा यात्रा में



एनसीसी के सैनिकों के साथ-साथ भारत माता की वेशभूषा धारण किए हुए छात्राएं भी साथ में चल रही थी,तहसील कार्यालय के जय स्तंभ चौक पर पूर्व सैनिक प्रदीप कलसकर के द्वारा भारत माता जय के घोष किया।

**2 मिनट मौन धारण कर शहीदों को दी श्रद्धांजलि :** समापन अवसर पर भारतीय सेवा की गौरव गाथा के साथ में वीर शहीदों को 2 मिनट का मौन धारण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई,आयोजन कमेटी के राहुल मोहड ने बताया की ऑपरेशन सिंदूर₹ की गौरवशाली सफलता को समर्पित तिरंगा यात्रा नगर में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई,तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में सौसर विधानसभा अंतर्गत आने वाले सामाजिक धार्मिक सांस्कृतिक साहित्यिक क्षेत्र से जुड़े हुए युवाओं बुजुर्गों महिलाओं ने उपस्थित होकर तिरंगा यात्रा को सफल बनाया है। यह तिरंगा यात्रा आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति और 'ऑपरेशन सिंदूर' की ऐतिहासिक सफलता को समर्पित थी, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक और दृढ़ नेतृत्व का प्रत्यक्ष प्रमाण है। यात्रा में शामिल हुए सभी लोगों का आभार भी व्यक्त किया गया,इस दौरान एड हरीश बत्रा,राजू परमार,सौसर नपा अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा डागा,श्रीमती किरण बत्रा,मोहगाव नप अध्यक्ष सन्दीप घाटोड़े,मोरेश्वर मर्सकोले, रामकृष्ण वाकोडे, जप सदस्य डॉ गुलाबराव पांडे,सरपंच भोजराज धोतके दर्शन झाडे,खेमराज सोनेकर आदि मौजूद रहे।

## संदीप के प्रयासों से मिलेगी बच्चों को निःशुल्क कोचिंग

**सौसर।** बच्चों को आसानी से प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी हो सके इस उद्देश्य को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड के द्वारा सौसर में एमपीपीएससी की निशुल्क कोचिंग की व्यवस्था बनाई जा रही है, मिली जानकारी के अनुसार प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं विद्यार्थिओं के लिए ग्वालवंशी जी एस सेंटर में एमपीपीएससी की निःशुल्क क्लासेस का आयोजन किया जाएगा। इसमें शहर के 12वी पास विद्यार्थी 20 मई से 30मई के बीच, ग्वालवंशी जी एस सेंटर छत्रपति शिवाजी चौक, मोहगांव रोड में जाकर रजिस्ट्रेशन करा सकते है. कोचिंग सेंटर में प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे बच्चों से मनमानी फीस वसूली की जा रही है अब जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़ के प्रयासों से सौसर क्षेत्र के बच्चों को निशुल्क एमपीपीएससी आदि प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क कोचिंग प्राप्त होगी।

# निमनी में मनाई अहिल्याबाई होल्कर की जन्म जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

ग्राम निमनी में पुण्य श्लोक में अहिल्यादेवी होलकर की जन्म जयंती उत्सव पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में ग्रामीण जनों को मां अहिल्यादेवी के जीवन और उनके सुशासन रोजगार मूलक महिला सशक्तिकरण माता एवं बहनों के लिए किए गए कार्य के संबंध में जानकारी दी गई,मां अहिल्यादेवी होलकर के शासनकाल में सामाजिक समरसता संस्कृति की रक्षा धर्म की रक्षा और मानव जीवन के कल्याण के बारे में किए गए कार्य का उल्लेख किया गया, माता अहिल्या देवी होलकर शिव भक्त होने के नाते धार्मिक विरासत को भी बरकरार रखते हुए जल जंगल जमीन का भी उचित संरक्षण संवर्धन ईश्वर भी प्रकाश डाला गया।इस अवसर पर इस कार्यक्रम को लेकर जिला संयोजक अशोक लाखे विधानसभा के संयोजक राजेंद्र भक्ते संगीता ताई बर्वे मंडल के अध्यक्ष नामदेव पाल तवले गुरुजी,विट्ठल बाघ आदि थे।

# सेना के शौर्य और वीरता के सम्मान में वीरांगना महिला कल्याण समिति एवं भाजपा ने निकाली तिरंगा रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

सेना के शौर्य और वीरता के सम्मान में वीरांगना महिला कल्याण समिति एवं भारतीय जनता पार्टी द्वारा विशाल तिरंगा रैली निकाली गई। जिसका शुभांरभ शासकीय नंदलाल स्कूल से किया गया ।रैली नगर के विभिन्न मार्गो से होती हई मुखर्जी चौक पर समापन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे। सभा को संबोधित करते हुए नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती सोनिया कुमरे ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर देश के जवानों को शुभकामनाएं प्रेषित की। इसी के साथ नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे , जामा मस्जिद सदर सैयद गौहर जमाल शाह, गौरव सिंह, पूर्व विधायक नत्थन शाह कवरेती आदि लोगों ने भी अपने विचार रखें और सेना का मनोबल बढ़ाया।आपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना के शौर्य को सम्मान देने के लिए विशाल पैदल तिरंगा यात्रा निकाली गई।ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाया गया। इस यात्रा में भाजपा कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में आम लोग शामिल हुए। देशभक्ति के रंग में तिरंगा यात्रा में शामिल युवाओं ने बड़े बड़े तिरंगा झंडे हाथ में थाम रखे था। जबकि वॉलीबॉल शिविर के बच्चों द्वारा छोटे-छोटे तिरंगे लेकर चल रहे थे। डीजे पर बजते देशभक्ति गीतों ने माहौल को जोशीला बना दिया। पूरे रास्ते में लोग भारत माता की जय के नारे लगाते हुए यात्रा के साथ चल रहे थे। कार्यक्रम का मंच संचालन राजेश श्रीवास्तव ने किया ।रैली के दौरान नगर निरीक्षक राकेश बघेल सहित समस्त पुलिस बल की चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था देखी गई। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी नितिन राजोरिया अपील समिति सदस्य पार्षद संजय जैन मयंक साहू अफरोज आलम, मनीष बंटी सहू इसाम सिद्दीकी असलम अब्दाली, पूर्व एनसीसी ऑफिसर साबिर अली,शेख जिब्राइल, सहित बड़ी संख्या में भाजपा महिला कार्यकर्ता नगर के गणमान्य नागरिक पत्रकार साथी उपस्थित थे।

# नांदना में स्वच्छता एवं जल प्रबंधन के कार्यों पर बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जुन्नारदेव की नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फूटन समिति नान्दना परिवर्तित संस्था (जन मानस सामाजिक विकास संस्थान नांदना) सेक्टर क्रमांक 4 के द्वारा अपने ग्राम मे वन विभाग के अधिकारी के साथ ग्राम मे बैठक आयोजित की गयी जिसमे जिसमे वन विभाग के डिपटी साहब के द्वारा बताया गया की हमे अपने ग्राम के आसपास जहा पानी वर्ष भर रहता है ऐसे स्थानों का चयन करना है तथा सामूहिक श्रमदान से वा कुछ शासन के द्वारा आर्थिक सहयोग से उन स्थानों मे पानी की व्यवस्था करना है तथा पानी वाले स्थानों की समय समय पर सफाई भी करना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है साथ हि नवांकुर संस्था के अध्यक्ष के द्वारा बोला गया की नांदना ग्राम के प्रत्येक घरों मे बरसात मे 5--5 फलदार पेड़ लगाने हेतु सूची तैयार की गयी जिसमे लगभग पूरे ग्राम मे लगभग 500 पेड़ लगाने की योजना बनायीं गयी है साथ हि जहा पेड़ लगेंगे उनके लिए गड्ढे अभी से बनाकर रखने हेतु बताया गया इस कार्यक्रम मे ग्राम के उमराव बेलवंशी , BSW के छात्र मुकेश बेलवंशी प्रताप नागवंशी,बिहारी नांगनवार विशाल बेलवंशी गोमती बाई, वन रक्षक विजय उइके आदि मौजूद रहे।

## आज वक्फ संशोधन बिल पर परिचर्चा

**जुन्नारदेव** : वक्फ संशोधन बिल केंद्र सरकार ने पास करके कानून बना दिया है। कानून की वैधता को लेकर सुप्रीम कर्ट में सुनवाई हुई जिसका फैसला सुरक्षित रखा गया है।वक्फ संशोधन बिल देश का ज्वलंत मुद्दा है। इसको लेकर तरह तरह की चर्चाएं हो रही है। इसे ध्यान में रखते हुए वक्फ संशोधन विधेयक₹ पर एक गहन सार्वजनिक परिचर्चा 24/5/25 दिन शनिवार को रात 8:00 बजे जामा मस्जिद के सामने जुन्नारदेव में मोहम्मदिया एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित की जा रही है। इसमें कानूनी विशेषज्ञ अधिवक्ता और बुद्धिजीवी, मौलाना इस महत्वपूर्ण विषय पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। वक्फ संशोधन बिल की बारीकियां को समझने एवं जानने के लिए आप सभी सादर आमंत्रित है।

## प्राथमिक सहकारी समिति कर्मचारी संघ भोपाल ने सलाम अंसारी को बनाया प्रदेश महासचिव

**सिंगोड़ी** :- अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के सिंगोड़ी ग्राम में सेवा सहकारी समिति शाखा में कार्यरत शेख सलाम अंसारी को प्रदेश महासचिव के पद पर नियुक्त किया गया है श्री अंसारी प्रदेश सहकारिता समिति कर्मचारी महासंघ भोपाल में लगातार 20 वर्ष तक प्रांतीय कोषाध्यक्ष का पद का निर्वाह किया है अपने पद का निर्वाह करने उपरांत यह पेक्स भारत में महासचिव के पद में नियुक्त हुए है।यह पूर्व में मध्यप्रदेश राज्य सहकारिता संघ कर्मचारी महासंघ भोपाल में प्रांतीय कोषाध्यक्ष के साथ ही इस संगठन के संस्थापक सदस्य भी है।जिसके चलते संघ द्वारा जनाब शेख सलाम अंसारी पिता शेख बलमान अंसारी ग्राम खामी हीरा तहसील अमरवाड़ा जिला छिंदवाड़ा को संघ के द्वारा प्रदेश महासचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। प्राथमिक सहकारी संघ ने इन्हें प्रदेश व जिलो के साथ साथ विकास खण्ड स्तर पर भी समस्त सहकारी कर्मचारी की समस्या को हल करने एवं उसके निराकरण हेतु उचित प्रयास करेंगे। वही प्रदेश संगठन ने इन्हें पद की गरिमा, निष्ठा, कर्मठता के साथ समस्त कर्मचारियो का सहयोग करने एवं कर्मचारियों के हितों को लेकर कार्य करने एवं इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इनकी नियुक्ति होने पर समस्त सहकारी कर्मचारी एवं इष्ट मित्रों ने बधाई प्रेषित कर शुभकामनाएं दी है।



# सरकारी अस्पताल का हुआ उन्नयन, 50 बिस्तरों वाली इमारत को मिली स्वीकृति

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** राज्य में सरकारी अस्पतालों के उन्नयन को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठाए गए है. जिसके चलते अस्पतालों के निर्माण और आधुनिकीकरण में तेजी लाई जा रही है. इसी क्रम में बालाघाट जिले के कटंगी और बिरसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की इमारतों के निर्माण की स्वीकृति मिली है. कटंगी के वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए 50 बिस्तरों वाले इमारत को स्वीकृति मिली है. 22 मई को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन वरिष्ट सलाहकार और मिशन संचालक ने एक पत्र जारी कर दिया है.क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी के प्रयासों से सरकारी अस्पताल कटंगी को इमारत मिलने की शुभकामनाएं सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है. जनता विधायक का आभार जता रही है. बता दें कि चुनाव जीतने के बाद विधायक ने सबसे पहले सरकारी अस्पताल कटंगी को सोनोग्राफी मशीन उपलब्ध करवाई थी. विधायक ने सरकारी अस्पताल कटंगी को 50 बिस्तरों वाले अस्पताल में उन्नयन करने की दिशा में कार्य किया था. नई इमारत बनने का मतलब अस्पताल के बुनियादी ढांचे को उन्नत किया जाएगा, जिसमें बिस्तरों की संख्या बढ़ाने और




अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं जोड़ने की योजना शामिल है. यह कदम कटंगी वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है. बता दें कि इससे पूर्व भी समय-समय पर तत्कालीन विधायकों के द्वारा भी इस दिशा में प्रयास किए गए थे लेकिन अब अस्पताल के इमारत को स्वीकृति मिल चुकी है और संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्य करने के लिए निर्देशित भी किया गया है।

### शहर की नालियों में नहीं हो रहा कीटनाशक का छिड़काव

# नपा की लचर प्रणाली से नगरवासी हो रहे परेशान

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** स्थानीय नगरपालिका परिषद की सफाई व्यवस्था की लचर स्थिति से इन दिनों सारा शहर परेशान और हताश हैं। शहर में सडक़ों पर तो नियमित रूप से झाड़ू लग रही हैं, लेकिन शहर की नालियों की साफ सफाई की व्यवस्था पटरी से उतर गई हैं। जिससे शहरवासियों की मुसीबतें बढ़ गई हैं। लेकिन जिम्मेदार वार्ड पार्षदों, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सीएमओ सहित अन्य जिम्मदारों को इससे कोई सरोकार नहीं हैं, जबकि ये सभी शहर के ही रहवासी हैं।



**नालियों की सफाई के अभाव में बदबू और मच्छरों से परेशान है लोगः** सनद रहे कि शहर की नालियों की सफाई नियमित रूप से नहीं होने की वजह से नालियां गंदगी से पट जाती हैं, इस गंदगी की वजह से मच्छरों का प्रकोप भी शहर के वार्डो में बढ़ जाता हैं। कुछ ऐसा ही हाल वर्तमान में हैं, जहाँ नालियों की सफाई ना होने के चलते मच्छरों का आतंक शहर में बढ़ गया हैं। जिसको लेकर बीते दो दिनों से शहर के वाट्सएप ग्रुप में लोगों द्वारा नगरपालिका पर अपना गुस्सा भी जाहिर किया जा रहा हैं, लेकिन जिम्मदारों के कान पर जूँ तक नहीं रेंग रही हैं।

**नालियों में नहीं हुआ हैं महीनों से कीटनाशक और ब्लिचिंग पाउडर का छिडक़ावः** विदित हो कि नगरपालिका द्वारा हर वर्ष लाखों रुपए खर्च कर शहर की गलियों और नालियों में कीट, पतंगों औऱ बीमारियों से लोगों के बचाव हेतु पूर्व में कीटनाशक और ब्लिचिंग का नियमित रूप से इस्तेमाल किया जाता था। लेकिन बीते करीब 2 वर्षो शहर की नालियों में नियमित रूप से ना तो ब्लिचिंग का छिडक़ाव हो रहा हैं, ना ही फॉगिंग मशीन से कीटनाशक का छिडक़ाव शहर की गलियों में किया जा रहा हैं। परिणामस्वरूप शहर में बीते कुछ समय से मच्छरों की संख्या में अचानक इजाफा हो गया हैं, लेकिन नगरपालिका के जिम्मदारों को इन सब से कोई सरोकार नजर नहीं आता हैं।

**हर साल लाखों रुपये के कीटनाशकों की होती हैं खरीदीः** सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार नगरपालिका द्वारा हर वर्ष लाखों रुपयों के कीटनाशकों की खरीदी की जाती हैं, लेकिन शहर में इनका नगरपालिका द्वारा उपयोग कभी कभार ही देखा जाता हैं। शहरवासियों को शहर में मच्छर मारने घूमती फॉगिंग मशीन के दर्शन किए साल भर से अधिक हो गए हैं। ऐसे में लोग ये नहीं समझ पा रहे हैं कि जब शहर की नालियों में कीटनाशकों का छिडक़ाव नियमित नहीं हो रहा हैं, शहर में फॉगिंग मशीन मच्छर मारने घूम नहीं रही हैं, तो ऐसे में सवाल उठता हैं कि हर वर्ष लाखों रुपये के खरीदे गए कीटनाशक आखिर में जाते कहाँ हैं? या फिर खरीदी महज कागजों में हो जाती हैं, ये समझ से परे हैं।

# निशुल्क नेत्र शिविर में 103 नेत्र रोगियों की हुई जॉच



## 32 को आपरेशन के लिए आज 24 मई को भेजा जायेगा जबलपुर

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

महावीर इंटरनेशनल राईस सिटी वारासिवनी द्वारा निश्शुल्क नेत्र जांच शिविर एवं स्त्री रोग प्रशिक्षण शासकीय टिहलीबाई माध्यमिक स्कूल में आयोजित किया गया। जिसमें 103 लोगों का नेत्र जॉच कर 32 लोगों को मोतिया बिंद ऑपरेशन के लिये चिन्हित किया गया। आंख की जांच के उपरांत जिनके नम्बर निकले, उनको चश्मे एवं दवाईयां दी गई। शिविर में वार्ड नम्बर 04 के पार्षद पवन धुर्वे एवं विनय सुराना का विशेष सहयोग रहा।

महावीर इंटरनेशल वारासिवनी की अध्यक्षा वीरा रीना कासल द्वारा बताया गया कि 1 ऑपरेशन में लगभग 25 हजार रुपये का खर्चा आता है। इस शिविर के द्वारा मरीजों को लाना-ले-जाना, उनका ऑपरेशन, खाना-पीना सभी निश्शुल्क रहता है। जिन मरीजों को चिन्हित किया गया हैं, उनको कल 24 मई को बस के द्वारा उत्कर्ष सिटी से देवजी नेत्रालय जबलपुर भेजा जायेगा। इस कार्यक्रम में महावीर इंटरनेशल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर तरूण सुराना के द्वारा महावीर इंटरनेशल के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में वीरा डॉ भारती सुराना, वीरा डॉ जयश्री अरोरा, वीर संजय कासल, वीरा संगीता कासल, वीरा कल्पना रूसिया, वीर मुकेश मॉडलए, वीरा साधना मॉडल, वीर राजेश सिंघई, वीर गोपाल खंडेलवाल, वीरा राधिका खंडेलवाल, जबलपुर से आई हुई चेकअप वाली टीम यादव जी एवं सभी मरीज उपस्थित थे।

# उपसरपंच ने सचिव के साथ मिलकर सरपंच पति पर गुणवत्ताहीन कार्य करने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज लांजी।

जिले की जनपद पंचायत लांजी की ग्राम पंचायत मोहझरी की महिला उपसरपंच द्वारा निर्माण कार्यो में सरपंच, सचिव एवं सरपंच पति द्वारा अनियमितता बरतने की शिकायत जनपद सीईओ से करते हुए कार्यवाही की मांग की है। जानकारी के अनुसार मोहझरी उपसरपंच श्रीमति रिता पति कृष्णकांत रावते ने शिकायत में बताया कि ग्राम में कुछ ऐसे कार्य हुए है जिसका सरपंच, सचिव द्वारा कमीशन खाने के चक्कर में गुणवत्ताहीन किया जाता है। ग्रामीणजन जब निर्माण कार्यो को लेकर आवाज उठाते है तो उनके द्वारा ग्रामीणो को शासन की योजना का लाभ नही देने की धमकी दी जाती है। वहीं सरपंच पति द्वारा पंचायत के हर कार्यो में हस्तक्षेप करते हुए अपनी मनमानी की जा रही है। उपसरपंच श्रीमति रावते ने यह भी बताया कि गांव में सरपंच पति का विधायक का धौंस दिखाते हुए हर कार्यो में हस्ताक्षेप सर चढकर बोल रहा है। गौरतलब हो कि शासन के निर्देश है कि जिस पंचायत मे महिला सरपंच है वहां सरपच पति हस्तक्षेप नही कर सकता है किन्तु मोहझरी में सचिव की मिलीभगत से सरपंच पति द्वारा निर्माण कार्यों को ठेके मे



देकर गुणवत्ताहीन कार्य करवाया जाता है। उपसरपंच द्वारा बताया कि सरपंच, सचिव एवं सरपंच पति पर झूठा आरोप लगाकर शासकीय कार्यो में बाधा डालने की शिकायत करने की धमकी भी दी जाती है। वहीं उपसरपंच ने इन पर ठेकेदारो से मोटा कमीशन लेने का आरोप भी लगाया है। उन्होने बताया कि जबकि पंचायत के सभी निर्माण कार्यो की एजेन्सी स्वयं ग्राम पंचायत होती है किन्तु यहां ग्राम के मजदूरो का हक भी द्वारा छीना जाता है। उपसरपंच रिता रावते ने जनपद सीईओ से ग्राम पंचायत के कार्यों मे सरपंच पति की दखल अंदाजी और सचिव की मनमानी बंद करवाने की मांग की है। अन्यथा इसको लेकर जल्द ही भूख हड़ताल कर अनशन पर जाने की चेतावनी दी है।

# लाँजी में लगातार हो रही कार्यवाही में उपमंडी लांजी ने अवैध परिवहन के फिर बनाए 8 प्रकरण

**हरिभूमि न्यूज लाँजी।** प्राप्त जानकारी अनुसार सचिव कृषि उपज मंडी समिति बालाघाट के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) लांजी के मार्गदर्शन में श्री वासुदेव बढ़ई, सहायक उप निरीक्षक, नेलचंद बारबुदे, सहायक उप निरीक्षक, विनोद बनसोड़ सहायक उप निरीक्षक, उपमंडी लांजी के द्वारा डुडवा घाट, कुल्पा आमगांव रोड, उमरी घाट में औचक निरीक्षण के दौरान निम्नलिखित वाहनों पर धान बिना अनुज्ञा पत्र के अवैध परिवहन करने पर पांच गुना कार्यवाही कर दांडिक मंडी शुल्क वसूल किया गया जो निम्नानुसार हैं। (01) दिनांक 14/5/25 पिकअप वाहन क्रमांक MH29BE0185 ओंकार ठाकरे , डुडवा से गिरोला महा., धान 19.00 क्विंटल, दांडिक मंडी शुल्क 2185+437+1000= 3622 (2) 15/05/25 नरेश कटाने, परसोड़ी से आमगांव महा. , वाहन MP50AA4926 धान 25.00 क्विंटल, दांडिक मंडी शुल्क 2500+500+1000= 4000 (03) दिनांक 16/05/25 को शेषराम रहागडाले, उमरी से मुंडीपार महा., वाहन MH35G8503, एवं MH35AW1272 में धान 41.00 दांडिक मंडी शुल्क 4100+820+2000= 6940 (04) दिनांक 21/05/25 को सुभाष बिहने, किन्हीं से घाट टेमनी महा, वाहन MH35AJ0821, में धान 22 क्विं. दांडिक मंडी शुल्क 2200+440+2000= 4640 (05) दिनांक 19/05/25 को रूपेश सिंघनदुप्पे, परसोडी से शंभुटोला आमगांव महा., वाहन ट्रे MH35AR6887, में धान 26क्विं. दांडिक मंडी शुल्क 2990+598+1000= 4588 (06) दिनांक 20/5/25 को धनीराम दोनोढे, दुढवा से घाट टेमनी महा, वाहन MH35AJ0417 में धान 20क्विं, दांडिक मंडी शुल्क 2300+460+3000= 5760 (07) दिनांक 20/05/25 को अंकित ठाकरे, मोहरा से घाट टेमनी महा. वाहन MH35AJ1409 में धान 24क्विं., दांडिक मंडी शुल्क 2760+552+3000= 6312 (08) दिनांक 22/05/25 को अक्षय मेश्राम सुपलीपर, बोरगांव से आमगांव महा., में धान 157.55 क्विं. , दांडिक मंडी शुल्क 13786+2757+5000= 21543 उपरोक्त वाहनों में मौके पर वाहन के साथ मंडी अनुज्ञा पत्र नहीं पाए जाने पर नियमानुसार पांच गुना की कार्यवाही कर कुल दांडिक मंडी शुल्क 32821.00 निराश्रित 6564.00 समझौता राशि 18000.00 इस प्रकार कुल राशि 57385.00 वसूल कर सरकारी खजाने में जमा। ऐसी ही कार्यवाही बगैर अनुज्ञा पत्र के अवैध परिवहन करने वाले व्यापारियों पर जारी रहेगी। अपील कोई भी व्यापारी बगैर अनुज्ञापत्र के अधिसूचित कृषि उपजों का परिवहन किसी भी स्थिति में ना करें।



## तलवार लहराने वाले अपराधी को 2 साल की हुई सजा

**कटंगी।** आर्म्स एक्ट से जुड़े एक मामले में करीब डेढ़ वर्ष की सुनवाई के बाद व्यवहार न्यायालय कटंगी ने एक आरोपी को अपराधी करार करते हुए 02 वर्ष के कारावास और 1 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है. सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी ने प्रेस नोट जारी कर जानकारी देते हुए बताया न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती नेहा ठाकुर ने तिरोड़ी थाने में दर्ज अपराध क्रमांक 325 की सुनवाई करते हुए आरोपी संजय पिता किशन दसमेर निवासी वार्ड क्रमांक 07 तिरोड़ी को सजा सुनाई है. पुलिस ने 19 अक्टूबर 2023 को मुखबिर की सूचना पर आरोपी को तिरोड़ी के गुजरी चौक में लोहे की धारदार तलवार लेकर लोगों को डराते-धमकाते हुए पकड़ा गया था. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर आर्म्स अधिनियम की धारा 25 (बी) की कार्रवाई की थी. आरोपी के पास हथियार रखने का लाइसेंस नहीं था. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया. प्रकरण की विवेचना मनोज डहेरिया ने पूरी कर प्रकरण को न्यायालय में पेश किया. प्रकरण के तथ्यों, परिस्थितियों के आधार और अभियोजन के तर्कों से सहमत होकर माननीय व्यवहार न्यायालय ने आरोपी को दण्डित किया है ।

**खबर संक्षेप**

## ई-केवायसी की समय-सीमा 31 मई तक बढ़ाई गई

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला आपूर्ति अधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार ई-केवायसी पूर्ण करनें हेतु 15 मई तक शतप्रतिशत ई-केवायसी पूर्ण करनें हेतु तिथि निर्धारित की गई थी। किन्तु अभी भी ई-केवायसी शतप्रतिशत पूर्ण नहीं होने के कारण उसे बढ़ाकर 31 मई-2025 निर्धारित की कर दी गई है वहीं निर्धारित अवधि पूर्ण नहीं करनें पर संबंधित सहायक/कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी एवं कम्प्यूटर ऑपरेटरों का माह मई का वेतन रोके जाने के लिए भी निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि शासकीय उचित मूल्य दुकान में राशन लेने उपभोक्ताओं को 31 मई 2025 तक ई-केवायसी कराने का मौका दिया गया है इससे पहले यह तिथि 15 मई 2025 तक रखी गई थी। जिसे अब बढ़कर 31 मई कर दी गई हैं। हितग्राही ऐप (एन्ड्राइड मोबाईल से) के माध्यम से फेस ई-केवायसी के जरिए घर बैठे ई-केवायसी करा सकते हैं। जिले में 16 मई 2025 तक 115687 ई-केवायसी कराई जाना शेष हैं।

## पात्र हितग्राही 25 मई तक प्राप्त सकेंगे राशन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला आपूर्ति सिवनी द्वारा बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार माह मई 2025 का खाद्यान्न वितरण 25 मई तक शतप्रतिशत किया जाना है। अतः सभी पात्र हितग्राहियो को सूचित किया जाता है कि वे अपना माह मई 2025 का राशन दिनांक 25.05. 2025 तक अनिवार्यतः संबंधित उचित मूल्य दुकान से प्राप्त करें अन्यथा 25.05.2025 के बाद खाद्यान्न वितरण कार्य बंद होने से हितग्रारियों को राशन प्राप्त नही हो पायेगा।

## प्रभारी मंत्री वर्मा का दौरा कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रदेश शासन के राजस्व मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा प्राप्त अधिकृत कार्यक्रमानुसार दिनांक 24 मई 2025 को शाम 03.30 बजे भोपाल से रेल मार्ग द्वारा नरसिंहपुर के लिए प्रस्थान करेंगे तथा रात्रि 08:00 बजे नरसिंहपुर से सिवनी के लिए सड़क मार्ग से प्रस्थान कर रात्रि 09.30 बजे सिवनी पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। जारी कार्यक्रमानुसार प्रभारी मंत्री वर्मा दिनांक 25 मई को प्रातः 10:45 बजे जिला भाजपा कार्यालय पहुंचकर कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे तथा 11: 45 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक में शामिल होंगे तथा जल गंगा संर्वधन अभियान की समीक्षा कर दोपहर 01 बजे सिवनी से घंसौर के लिए प्रस्थान करेंगे तथा दोपहर 03 बजे घंसौर पहुंचकर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. बाबूलाल गौर की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा शाम 04:30 बजे घंसौर से नरसिंहपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## मनरेगा श्रमिकों से संवाद कर मनाई राजीव गांधी की पुण्यतिथि

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** 21वीं सदी के स्वप्न द्रष्टा संचार क्रांति के जनक एवम पंचायती राज के प्रणेता भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि राजीव गांधी पंचायत राज संगठन जिला सिवनी ब्लॉक ईकाई सूकतरा द्वारा ग्राम पंचायत लावासर्रा में मनरेगा श्रमिकों से संवाद कर मनाई गई।

# पिकअप वाहन ने बारातियों के वाहन को मारी टक्कर, एक मृत, तीन घायल,गुस्साए लोगों ने वाहन में आग लगाई



**जिले के साजपानी गांव में एक पिकअप वाहन ने रिवर्स होते समय बारातियों को टक्कर मार दी। हादसे में एक शख्स की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हैं।**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** घटना गुरुवार रात करीब 12 बजे की है। धनोरा थाना पुलिस के मुताबिक, पिंडरई गांव से साजपानी गांव में बारात आई थी। कुछ लोग शादी के मंडप जाने के लिए सड़क पर खड़े थे, तभी पिकअप वाहन रिवर्स हो रहा था। ड्राइवर ने पीछे खड़े लोगों की ओर ध्यान नहीं दिया। उसने महिपाल कुंजाम, सुरेश सिंह भलावी (56), अनार सिंह (46) और निरपाल कुंजाम (40) को कुचल दिया। हादसे में महिपाल की मौत हो गई। तीन घायलों को गंभीर हालत में जबलपुर के मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। हादसे के बाद ड्राइवर वाहन छोड़कर भाग गया। गुस्साए लोगों ने वाहन में आग लगा दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने आग बुझाई और चालक के खिलाफ केस दर्ज किया। थाना प्रभारी मनीष बंसोड़ के अनुसार, मृतक के शव का पंचनामाबनाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस दुर्घटना करने वाले चालक की तलाश कर रही है।

# लखनवाड़ा से हथनापुर वाया जैतपुर कला तक सड़क के साइड शोल्डर मुरूम से भरा जाने की मांग

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

ग्राम जैतपुर कला में किसान सभा की एक महत्वपूर्ण बैठक शंभू दयाल चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें किसानों को हो रही विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई जिसमें लखनवाड़ा से हतनापुर वाया जैतपुर कला तक बन रही पक्की सड़क के दोनों किनारो पर साइड में मुरम के स्थान पर मिट्टी से भरा गया है जिससे बरसात में सड़क में कीचड़ कीचड़ हो जावेगा जिससे ग्रामीणों को अत्यधिक परेशानी उठानी पड़ेगी जिसे मुरूम से भरकर ठीक किया जावे इसी के साथ माचा गोरा जलाशय की नहरे को बरसात आने के पूर्व सिंचाई हेतु ठीक किया जावे सोसाइटियों में किसानों को तुरंत उनके अनाज को लिया जावे बैठने पानी पीने बरसात में टीन शेड की व्यवस्था की जाए किसानों को 2700 रुपए प्रति क्विंटल भुगतान किया जावे जैतपुर कला में आग लगने से उनका मुआवजा शीघ्र दिया जावे बिजली को नियमित रूप से 10 घंटे दिए जाएं आदि समस्याओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई।

अखिल भारतीय किसान सभा के डीडी वासनिक सहित अंगद सिंह बघेल बीरन सिंह बघेल तीरथ सिंह सनोदिया महेश सिंह सनोदिया हरिराम बघेल कीर्तन सिंह बघेल संदीप सिंह मरावी आदि ने अपनी अपनी बात रख कर जिला कलेक्टर तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि सड़क के साइड शोल्डर मुरूम से भरकर अन्य मांगों को शीघ्र पूरा किया जावे ताकि बरसात में नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न होने पावे।

# चलते ट्रक में ड्राइवर को हार्ट अटैक

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

सिवनी में चलते ट्रक में डाइवर को हार्ट अटैक आ गया। लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां उसने दम तोड़ दिया। घटना जिले के छपारा थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर शुक्रवार सुबह 8 बजे सादक सिवनी गांव के पास की है। मृतक राजाराम (38) कपड़े से भरा ट्रक लेकर आंध्र प्रदेश से पंजाब के लुधियाना जा रहा था। छपारा बाईपास के पास उसे सीने में दर्द महसूस हुआ। उसने तुरंत ट्रक को सड़क किनारे रोक दिया।आसपास मौजूद लोगों ने चालक की हालत खराब देखकर छपारा पुलिस और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। राजाराम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

छपारा थाना प्रभारी खेमेन्द्र जैतवार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में हृदय गति रुकना सामने आया है। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।मृतक के परिजन को घटना की सूचना दे दी गई है और जानकारी परिजन के पहुंचने के बाद मिलेगी। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

# पूर्व मुख्यमंत्री स्व. बाबूलाल गौर की प्रतिमा का होगा अनावरण

**घंसौर** / तहसील मुख्यालय घंसौर में बहुप्रतीक्षित पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय बाबूलाल गौर की प्रतिमा का अनावरण जल्द सम्पन्न होने जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार आगामी 25 मई को प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है बताया जा रहा है कि इस दौरान जिले के प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा और मंत्री कृष्णा गौर मौजूद रहेंगे। प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम को लेकर प्रशासन के द्वारा तैयारी शुरू कर दिया गया है इस संबंध में जिले के प्रभारी मंत्री के



आगमन का प्रोटोकॉल जारी किया गया है, बताया गया है कि यादव समाज के गौरव कहे जाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय बाबूलाल गौर जी की प्रतिमा के अनावरण की मांग यादव समाज द्वारा लंबे समय से उठाई जा रही थी लगभग एक वर्ष पहले से प्रतिमा को स्थापित करने के बाद यहां अनावरण को लेकर तैयारी की गई थी किंतु लंबे समय के अंतराल के बाद अब प्रतिमा का अनावरण होगा।

उल्लेखनीय होगा कि बारहवी विधानसभा के चुनाव उपरांत तत्कालीन मुख्यमंत्री साध्वी उमाभारती के मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद बाबूलाल गौर को वर्ष 2004-05 में मुख्यमंत्री बनाया गया जो यादव समाज से थे।

# बाघदेव अभियान का हुआ शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

बाघों के संरक्षण महत्व एवं आदिवासी संस्कृति को सम्मान देते हुए बाघों की शक्ति के प्रति उनके विश्वास को नई पहचान देने के उद्देश्य से पेंच प्रबंधन द्वारा "बाघदेव अभियान "की पहल की गई हैं। 22 मई अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर कलेक्टर कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा मिट्टी से बाघ बनाकर की गई। साथ ही कलेक्टर सु संस्कृति जैन, फील्ड डारेक्टर रजनीश सिंह एवं सीईओ जिला पंचायत नवजीवन विजय ने भी मिट्टी से बाघ की प्रतिकृति बनाई। इस अवसर पर कलेक्टर सु जैन ने जिलेवासियो से भी विश्व बाघ दिवस 29 जुलाई तक की अवधि के लिए चलने वाले अभियान के दौरान बढ़-चढ़ के हिस्सा लेने की अपील की।

इस वर्ष पेंच प्रबंधन अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस 22 मई से विश्व बाघ दिवस 29 जुलाई तक की अवधि के लिए एक नया अभियान का आरम्भ करने जा रहा है जिसे नाम दिया गया है।

# जयंती और जयघोष का अद्भुत समागमः लखनादौन में आज गूंजेगा रानी अहिल्याबाई और राष्ट्र का सम्मान

**हरिभूमि न्यूज छब्बी लाल कमलेशिया।** लखनादौन, 24 मई 2025ः लखनादौन की पावन भूमि आज इतिहास रचने को तैयार है!अहिल्याबाई होलकर (1725-1795) एक मराठा शासिका थीं, जो मालवा क्षेत्र की शासक थीं। उन्होंने अपने शासनकाल में न्याय, परोपकार और सुशासन के लिए पहचान बनाई। उन्हें स्लोकमाताः के रूप में भी जाना जाता है, जो उनकी जनता के प्रति स्नेह और सेवा के लिए है। आज यह नगर न केवल पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर उनके अमर शौर्य और प्रेरणादायी कृतित्व को नमन करेगा, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा में अपने प्राणों का उत्सर्ग करने वाले वीर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक विशाल तिरंगा यात्रा निकालकर देशभक्ति का शंखनाद भी करेगा। यह दिन श्रद्धा, भक्ति और देशभक्ति के एक अविस्मरणीय पर्व के रूप में लखनादौन के स्वर्णिम इतिहास में दर्ज होगा। दोपहर 3 बजे मंगल भवन लखनादौन में रानी अहिल्याबाई होलकर, की जयंती पर आयोजित संगोष्ठी से कार्यक्रमों का शुभारम्भ होगा। लखनादौन एवं आदेगांव मंडल द्वारा आयोजित इस गरिमामय संगोष्ठी में पूर्व विधायक एवं पूर्व जिलाध्यक्ष नरेश दिवाकर, मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित होकर रानी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालेंगे। उनके साथ जिला संयोजक शजयदीप सिंह चौहान, की विशेष उपस्थिति से कार्यक्रम को और भी गौरव प्राप्त होगा। मंडल अध्यक्ष अजेंद्र गोल्हानी और नीलेश बैसले ने समस्त क्षेत्रवासियों, विशेषकर युवा शक्ति से इस प्रेरणादायक आयोजन का हिस्सा बनकर रानी के आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया है।



संगोष्ठी की समाप्ति के तुरंत बाद, शाम 4 बजे राम मंदिर प्रांगण से हम सेना के साथ हैं, ऑपरेशन सिंदूर के साथ के बुलंद उद्घोष के साथ एक विशाल राष्ट्रीय तिरंगा सुरक्षा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी मंडल लखनादौन के तत्वावधान में आयोजित यह यात्रा, राष्ट्र के प्रति समर्पण और सेना के सम्मान में लखनादौन की जनता के अटूट विश्वास का प्रतीक होगी। भाजपा मंडल लखनादौन के अध्यक्ष/महामंत्री ने समस्त जनप्रतिनिधिगण, मंडल पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, मोर्चा अध्यक्ष, प्रकोष्ठ अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, जिला संयोजक, सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं, सभी समाज वर्गों के नागरिकों और समस्त नारी शक्ति से बढ़-चढ़कर इस यात्रा में भाग लेने का हार्दिक आग्रह किया है।

क्षेत्रीय भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विशेष अपील करते हुए कहा है कि यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी गौरवशाली विरासत और उज्ज्वल भविष्य के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रकटीकरण है। आइए, एकजुट होकर इस देशभक्ति के महायज्ञ में अपनी आहुति दें और लखनादौन को राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग दें!

# विधायक दिनेश राय की सक्रिय सहायता के चलते परिजनों के बीच पहुंचे रामकृष्ण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी जिले की बरघाट विधानसभा की तहसील कुरई के ग्राम भालीवाडा चक्की खमरिया निवासी आर्थिक रुप से कमजोर लगभग 42 वर्षीय मजदूर रामकृष्ण यहके सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन की सक्रिय सहायता के चलते सकुशल आसानी से अपने गृह ग्राम पहुंचे। ज्ञात हो कि बरघाट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत तहसील कुरई के ग्राम भालीवाडा चक्की खमरिया निवासी मजदूर रामकृष्ण यहके आर्थिक स्थिति ठीक न होने की वजह से रोजगार के लिए गुजरात प्रदेश के कच्छ जिले में काम करने गये थे। जहां पर लगभग एक से डेढ़ महीने काम करने के पश्चात काम खत्म होने पर वापस अपने गृह ग्राम भालीवाडा बिरजा बस्ती चक्की खमरिया के लिए गंतव्य पर रवाना हुए तभी वह गुजरात मे ही घटित हादसे मे गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें गुजरात भुज कच्छ के समाजसेवी जीवदया एमरजेंसी फाउंडेशन ट्रस्ट के शैलेष सोनी , परेश गिरी गोस्वामी एवं जयेश कोठारी द्वारा यहके का हास्पिटल मे भर्ती करा इलाज कराया गया। उसके पश्चात ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा यहके को उनके घर ग्राम भालीवाडा पहुँचाने



के लिए मध्यप्रदेश के अनेक जनप्रतिनिधियों से संपर्क किया। किसी से संपर्क ना होने की दशा पर मध्यप्रदेश सीएम हाऊस एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यालय पर संपर्क किया गया। जहां से सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन को विस्तृत जानकारी दी गयी। घटना की जानकारी प्राप्त होते ही सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने तत्काल ट्रस्ट के सदस्यों से मोबाइल फोन पर संपर्क कर घायल मजदूर के स्वास्थ्य संबंधित जानकारी प्राप्त किया साथ ही अपनी ओर से मदद किये जाने की बात कही। इस दौरान ट्रस्ट के सदस्यों ने राय से बातचीत मे घायल मजदूर को 1250 किलोमीटर दूर अपने गृह निवास ग्राम भालीवाडा चक्की खमरिया जिला सिवनी पहुँचाने के लिए प्राईवेट एंबुलेंस हेतु 25000 हजार रुपये किराया उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया। जिसे तत्काल स्वीकारते हुए विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा तुरंत ही 25000 रुपये प्राईवेट एंबुलेंस का किराया पहुँचाया गया। इसके पश्चात अब रामकृष्ण अपने घर सुरक्षित पहुँच गये है और परिवार जनों के बीच है। इसके अलावा विधायक दिनेश राय मुनमुन ने उनके परिजनों से भी बात चीत किया।

## नपा अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया ने वार्डों में निरीक्षण कर सफाई अभियान का लिया जायजा



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** 23 मई 2025 को सिवनी नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया द्वारा नगर के सीवी रमन वार्ड, विवेकानंद वार्ड एवं अशोक वार्ड में निरीक्षण कर नालों एवं नालियों की सफाई अभियान का जायजा लिया गया। विदित होवे की आगामी दिनों में वर्षा ऋतु प्रारंभ होना है जिससे नगरीय क्षेत्र में जलभराव की स्थिति निर्मित न जिसे दृष्टिगत रखते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी विशाल सिंह मस्कोले ने वर्षा ऋतु के पूर्व निकाय के सभी 24 वार्डों में बडे.एवं छोटे नाले नालियों की साफ.सफाई किये जाने हेतु 12-12 वार्डों को मिलाकर 02 जोन बनाकर सफाई संरक्षकों की टीम गठित की है। सफाई संरक्षको द्वारा प्रतिदिन नाले-नालियों की साफ-सफाई की जा रही है। चोक नालियों को फायर वाहन के जल के प्रेशर से साफ किया जा रहा है। वहीं आज प्रातः नगरपालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी विशाल सिंह मस्कोले द्वारा वार्ड में पहुंचकर सफाई अभियान निरीक्षण किया गया एवं सी व्ही रमन वार्ड गणेश चौक बरघाट रोड नाली सफाई अभियान में अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वयं श्रमदान किया गया एवं समक्ष में रहकर सफाई कार्य करवाया गया। अध्यक्ष महोदय ने नागरिको को स्वच्छता के प्रेरित करते हुए संदेश दिया कि शहरवासी नाले एवं नालियों में कचरा न फेंके इससे गंदगी बढती है आगामी कुछ दिनों में वर्षा प्रारंभ हो जावेगी नगर पालिका कर्मियों द्वारा प्रतिदिन वार्डों में कडी मेहनत करके नाले की साफ-सफाई का अभियान चला रहे है। नागरिकगण स्वयं सडकों में गंदगी न फैलाये एवं अपने घरों में निकलने वाले कचरे को टिप्पर वाहन में डी डाले जिससे हमारा शहर स्वच्छ एवं सुंदर बना रहे।

## शासकीय आवासीय खेलकूद विद्यालय सीहोर के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र.भोपाल निर्देषानुसार शासकीय आवासीय खेलकूद विद्यालय सीहोर में षिक्षा सत्र 2025-26 में कक्षा 9वीं से 12वीं तक (केवल बालकों के लिए) प्रवेष हेतु आनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि दिनांक 16.06.2025 तक निर्धारित की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि अभ्यार्थी अपने आवेदन आनलाईन लिंक **https://www.education-portal.mp.gov.in/Sports**. पर कर सकेगें। चयन परीक्षा दिनांक 23.06.2025 से 25.06.2025 तक शासकीय आवासीय खेलकूद विद्यालय सीहोर में की जावेगी। प्रवेष हेतु अभ्यार्थी ने मध्यप्रदेष की मान्यता प्राप्त शालाओं से षिक्षा सत्र 2024-25 में कक्षा 8वीं की परीक्षा न्यूनतम सी ग्रेड तथा कक्षा 9वीं/10वीं/11वीं की परीक्षा में न्यूनतम 45 प्रतिषत अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो साथ ही अभ्यार्थी मध्यप्रदेष की मान्यता प्राप्त षालाओं में षिक्षा सत्र 2024-25 में नियमित छात्र के रूप में षिक्षा प्राप्त की हो, आवेदन करने हेतु पात्र होगा।

# जल समस्या वाले स्कूलों एवं छात्रवासों में जल निगम एवं पीएचई के अधिकारियों को समन्वय बनाकर पेयजलापूर्ति करने के निर्देश

**कलेक्टर सु संस्कृति जैन ने गुरूवार 22 मई को निर्माण विभाग की बैठक लेकर विभागों द्वारा जिले में कराए जा रहे विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, भवन विकास निगम, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क, एमपीआरडीसी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जल संसाधन विभाग, जल निगम तथा पीएचई के अधिकारियों की उपस्थिति रही।**



**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

बैठक में कलेक्टर सु जैन ने सर्वप्रथम भवन निर्माण विभागों द्वारा बनाए जा रहे स्कूल भवन, छात्रावासों, प्राथमिक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सहित अन्य भवनों की प्रगति की विभागवार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने भवन विकास निगम द्वारा बनाये जा रहे कन्या विद्यालय भवन छपारा एवं लखनादौन के निर्माण कार्यो को समय सीमा में पूरा करने के लिए कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश दिये। कलेक्टर सु जैन ने जल समस्या वाले स्कूलों एवं छात्रवासों में जल निगम एवं पीएचई के अधिकारियों को समन्वय बनाकर पेयजलापूर्ति करने के निर्देश दिये हैं।

कलेक्टर सु जैन ने जनजातीय कार्य विभाग के पूर्ण हो चुके छात्रवासों को इस सत्र में प्रारंभ करने के लिए प्रवेश प्रारंभ करने के निर्देश दिये। कलेक्टर सु जैन ने नेशनल हेल्थ मिशन अन्तर्गत निर्माणाधीन उपस्वास्थ्य केंद्रों की प्रगति कम होने को लेकर सम्बंधित निर्माण अनुबंधकर्ता को टर्मिनेट करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में बिना अनुमति अनुपस्थिति रहे कार्यपालन यंत्री मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गए।कलेक्टर सु जैन ने सभी भवन निर्माण विभागों को निर्माणाधीन सभी शासकीय भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिये हैं।

कलेक्टर सु जैन द्वारा एपीआरडीसी, पीएमजेएसवाय, पीडब्लूडी विभाग अंतर्गत प्रगतिरत सडकों की भी जानकारी लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिये गये। उन्होंने नगरपालिका के अधिकारियों से प्रगतिरत निर्माण कार्यो की जानकारी लेकर वर्षा पूर्व सभी नालों एवं नालियों की सफाई करने के निर्देश दिए हैं।

## गजानंद प्रीमियर लीग सीजन- 3 : नाईट टूर्नामेंट का शानदार समापन

# सिवनी बॉयस सिवनी बनी विजेता और उपविजेता बनी टीम जी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

सिवनी के फिल्टर मैदान में दूधिया रोशनी के बीच आयोजित हुई गजानंद प्रीमियर लीग सीजन 3 रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता में शहर की विभिन्न टीमों ने हिस्सा लेकर शानदार खेल का प्रदर्शन किया। जिसका फाइनल मुकाबला बीते 22 मई को खेला गया। रात 10 बजे से फाइनल मैच जिले दो बड़ी टीम सिवनी बायज सिवनी और जीएससी के मध्य खेला गया जिसमें टीम जीएससी ने टास जीतकर पहले बेटिंग करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 103 रनों का लक्ष्य रखा जिसका पीछा करते हुए सिवनी बायज सिवनी ने 9 ओवर में ही निर्धारित लक्ष्य को पार करते हुए जीत हासिल की।

मैच के मेन ऑफ मैच इमरान दिल्लन(सिवनी बॉयस) रहे, मेन ऑफ दा सीरीज अप्पू बघेल (जीएससी) रहे वहीं शानदार गेंदवाके सुशील ठाकुर (जीएससी) को सर्वशेष्ठ बोलर के पुरुष्कार से नवाजा गया।

समस्त टीमें जिन्होंने इस प्रतियोगिता मे भाग लिया और जो खिलाड़ी इसमे शामिल हुए और जो टीमें किसी कारण से या खिलाडी किसी कारण वश नही आ सके उनके लिए कमेटी



ने सभी का धन्यवाद किया है।

पूरे मैच ट्रॉफी के दौरान ट्रॉफी प्रदान करने के लिए दीपक नगपुरे, अंशुल चौरसिया, विक्रांत दुबे एवं प्रथम पुरुष्कार विकाश अग्रवाल एव परिवार की ओर से, दूतीय पुरुष्कार कमल माना ठाकुर एवं पवन मेहनीरत्ता का सहयोग रहा वहीं आयोजन को सफल बनाने में विशेष सहयोग अनिल जेसवाल, इरफ़ान पटेल साहब (अध्यछ जिला वेटर्न संघ), रिंकू भूरा व पंकज सनोदिया सराहनीय योगदान रहा।

मैच के समापन अवसर में पधारे हमारे मुख्य अतिथि अलोक दुबे, रमाकांत राय, राजेश त्रिवेदी, गोलू पंडित, दीपू मिश्रा, राजकुमार खुराना, शहीद नजीर साहब, आनंद पंजवानी, वीरेंद्र शर्मा, आर एस ठाकुर, सहित समस्त अतिथियों का आयोजन कमेटी ने आभार व्यक्त किया है। जीपीएल समिति के समस्त सदस्य जिन्होंने किसी भी रूप मे समिति से जुड़कर कार्यक्रम को सफल बनाने मे मदद की उन सभी का बहुत बहुत आभार जो कम समय मे सीमित साधन मे इस प्रतियोगिता को सफल बनाया। आयोजन समिति कमल माना ठाकुर, पवन मेहंदीरता, संदेश तिवहन, पुष्पराज सिंह ठाकुर, सुशील ठाकुर, सतीश चिन्तोले, अनिल कश्यप, गन्नू माना ठाकुर, आसिफ लाल, नीरु निर्मलकर, अरशद हुसैन, हरजीत माना ठाकुर, सम्मी खान सहित समस्त जीएससी यंग एव बेटरन क्लब यलगार क्लब ने सभी टीमों और दर्शकों का धन्यवाद करते हुए आभार व्यक्त किया है।

## 25वी सब जूनियर राष्ट्रीय वुशु स्पर्धा तमिलनाडु हेतु आर्यन एवं उत्कृषा का चयन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्य प्रदेश वुशु संघ द्वारा जबलपुर में दिनांक 2 से 3 मई तक खेल एवं युवा कल्याण विभाग के रानीताल में स्थित इंडोर हाल में 2 दिवसीय मध्य प्रदेश सब जूनियर, जूनियर, सीनियर वुशु स्पर्धा का आयोजन किया गया । इस स्पर्धा में सिवनी जिले के मुख्य वुशु प्रशिक्षक सचिव जिला वुशु संघ सिवनी सोहन लाल सेन के साथ सिवनी जिले के खिलाड़ियो ने भाग लिया जिसमे 11 स्वर्ण 9 रजत 3 कांस्य पदक जीते थे। जिसमें सबजूनियर खिलाड़ी आर्यन सिंह बैश ने 36 किलोग्राम भार वर्ग एवं



उत्कृषा राउत ने 48 किलोग्राम भर वर्ग में अपने प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियो को हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया और रास्ट्रीय स्पर्धा में चयनित हुए। यह खिलाड़ी तमिलनाडु के जिले नमक्कल जिले के तिरुचेंगोड में स्थित के.सी.आर. इंजीनियरिंग कॉलेज में दिनांक 26 से 31 मई तक भाग लेंगे साथ ही पूरे प्रदेश के खिलाड़ी सोहन लाल सेन कोच के साथ राष्ट्रीय स्पर्धा के भाग लेंगे मध्यप्रदेश वूशु संघ द्वारा सोहनलाल सैन को प्रदेश टीम का कोच नियुक्त किया है। ज्ञातव्य है कि सभी ख़िलाडी महावीर व्यायामशाला सुभाष वार्ड सिवनी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है । वर्ष भर खिलाड़ियों को संस्था में निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है । संस्था से प्रशिक्षित खिलाड़ी प्रतिवर्ष राज्य एवं राष्ट्रीय स्पर्धाओं में सैकड़ों पदक जीत कर सिवनी जिले ही नहीं राज्य का भी नाम रोशनकर रहे है।

### खिलाड़ी वैनगंगा नदी में तैराकी की प्रैक्टिस करने को मजबूर

# बालाघाट में स्वीमिंग पुल का अभाव!

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में स्वीमिंग पुल की सुविधा नहीं होने से जिले के तैराक वैनगंगा नदी में अभ्यास करने को मजबूर हैं। तैराक बजरंग घाट में प्रशिक्षकों की देखरेख में प्रैक्टिस कर रहे हैं।

जिला तैराकी संघ के कोषाध्यक्ष के.के. अग्रवाल ने बताया कि जिले की प्रतिभाएं प्रदेश, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुकी हैं। लेकिन उन्हें संसाधनों और सुविधाओं की कमी का सामना करना पड़ रहा है। यहां पर एक स्विमिंग पूल होना चाहिए।

### कल जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता

25 मई को ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल डोंगरिया में 36वीं जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता सुबह 7 बजे से शुरू होगी। इसमें फ्री स्टाइल, बैक स्ट्रोक, ब्रेस्ट स्ट्रोक, बटरफ्लाई और रिले स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी।

प्रतियोगिता में 8 से 17 वर्ष के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। बालक और बालिका वर्ग में जूनियर, सब जूनियर और सीनियर श्रेणियां होंगी। जबलपुर एनआईएस के तैराकी कोच प्रशांत कुशवाहा, योगेंद्र सिंह ठाकुर और अनिता पंद्राम प्रतियोगिता का मार्गदर्शन करेंगे।

चयनित खिलाड़ी 1 जून से खंडवा में होने वाली 53वीं राज्य स्तरीय तैराकी चैंपियनशिप 2025 में बालाघाट का प्रतिनिधित्व करेंगे।



### ग्रामीणों को नहीं मिल रहा स्वास्थ्य लाभ

# लेट लतीफी से खुल रहा बबरिया का उप स्वास्थ्य केंद्र

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।




विकासखंड लालबर्रा के ग्राम बबरिया का उप स्वास्थ्य केंद्र लेटलतिफी से खुल रहा है शुक्रवार को ग्रामीणों की शिकायत की मीडिया द्वारा पुष्टि की गई देखा गया कि स्वास्थ्य केंद्र बबरिया लेट लतीफी से ही खुला जिसके चलते ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ के लिए भटकना पड़ रहा है और झोलाछाप डॉक्टरो का सहारा लेना पड़ रहा है उप स्वास्थ्य केंद्र के अव्यवस्थाओं की आप बीती बबरिया के ग्रामीणों ने मीडिया के सामने रखी बबरिया ग्राम के जागरूक निवासी दिनेश पारधी और संतोष ने बताया कि बबरिया का उप स्वास्थ्य केंद्र समय पर नहीं खुलता ना तो,, खुलने का समय निर्धारित है,, और ना ही,, बंद होने का समय निर्धारित है,, उप स्वास्थ्य केंद्र में रात में भी कोई नहीं रहता है अगर रात में किसी की तबीयत बिगड़ जाए तो बहुत ही परेशान होना पड़ता है सवाल यह उठता है कि सरकार अच्छी स्वास्थ्य सुविधाओं का ढिंढोरा पीटती है और वहीं दूसरी ओर देखा जाए तो लालबर्रा क्षेत्र में उप स्वास्थ्य केन्द्रो में अव्यवस्थाओं का आलम बरकरार है कोई भी स्वास्थ्य कर्मचारी अपनी ड्यूटी नियमित तौर पर नहीं कर रहा है.? और स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी ना तो उप स्वास्थ्य केन्द्रो का निरीक्षण कर रहे हैं और ना ही जनता से रूबरू हो रहे हैं ऐसे में सरकार की मंशा कैसे पूरी होगी.. मुख्य चिकित्सा अधिकारी बालाघाट को चाहिए कि वह एक निरीक्षण दल का गठन कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जमीनी स्तर तक पता लगाए कि उप स्वास्थ्य केंद्र की हालत क्या है.. और मरीज को क्या सरकार की मंशा के अनुसार स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग आमजन की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए क्या अच्छी पहल करता है ताकि अंतिम छोर के व्यक्तियों को अच्छी स्वास्थ सुविधा मुहैया हो सके उक्त गंभीर मामले पर खंड चिकित्सा अधिकारी ऋतिक पटेल से चर्चा की गई और मामले से अवगत कराया गया अब देखना यह होगा कि लापरवाह अधिकारीयों पर क्या कार्रवाई तय की जाती है.?

### कलेक्टर श्री मीना ने खरीफ सीजन में मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए विभाग को किया फोकस

# मिलावटी खाद बीज से किसानों को बचाने के लिए कृषि विभाग सर्तकता बरते सतर्कता

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिले में खरीफ के सीजन की तैयारियों के सम्बंध में कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने गत दिवस गुरूवार को कृषि विभाग के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक में चिन्नोर चावल की मार्केटिंग के सम्बंध में भी आवश्यक रूपरेखा पर चर्चा की गई। कलेक्टर श्री मीना ने बैठक में गत वर्षों में खरीफ सीजन में फसलों के रकबे पर विस्तार से जानकारी लेने के पश्चात विभाग को मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए दो गुना लक्ष्य बढ़ाने के निर्देश दिए है। गत वर्ष कोदो का 7.31 हेक्टेयर रकबा था वही अब खरीब में 13000 हेक्टेयर करने की तैयारी की जाएगी। इसी तरह कुटकी जो गत वर्ष 3.23 था अब 7000 है.रागी 1.01 है.से 3000 है और मक्का 15.83 है से 30000 है.रकबा बढ़ाने और इस लिहाज से तैयारी करने के निर्देश दिए है। वहीं कृषि विभाग के अमले को खरीफ के सीजन में और अधिक सतर्कता बरतने के लिए कहा गया है। कलेक्टर श्री मीना ने कहा कि मिलावटी खाद बीज के सम्बंध में किसानों के साथ कोई धोखाधड़ी न हो इसके लिए विभाग निरीक्षण के साथ ही तत्प्रता रखें। जहाँ भी ऐसी कोई सूचना हो कार्यवाही सुनिश्चित रूप से करें। बैठक में आत्मा परियोजना संचालक अर्चना डोंगरे, कृषि अभियांत्रिकी विभाग के एसडीओ, नाबार्ड के अधिकारी तथा कृषि विभाग के एसडीओ मौजूद रहे।



### लगातार निरीक्षण और वेरिफिकेशन का दायरा बढ़ाए

कलेक्टर श्री मीना ने विभाग को चेताया कि ऐसी कोई घटना न हो कि किसान ठगा जाए। इसके लिए कृषि विभाग का अमला सक्रिय होकर छोटी से छोटी शंका होने पर गहराई में जाकर जांच करें। साथ ही फर्मो का लगातार निरीक्षण कर वेरिफिकेशन का दायरा बढ़ाये। इसके अलावा नमूने एकत्रित कर प्रयोगशाला से रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए भी समन्वय करें। प्रभारी कृषि उपसंचालक श्री विनय धुर्वे ने बैठक में जानकारी देते हुए कहा कि अब तक उर्वरकों के 23 और बीज के 92 नमूने लिए गए है।

### मार्केटिंग स्ट्रेटजी की जिम्मेदारी एफपीओ की भी

कृषि विभाग की समीक्षा बैठक में चिन्नोर चावल की मार्केटिंग के स्ट्रेटजी पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान कलेक्टर श्री मीना ने एफपीओ द्वारा इस क्षेत्र में किये गए प्रयासों के बारे में जाना। एफपीओ के विशाल कटरे ने बताया कि पहली बार में ऑर्डर आये है, लेकिन दूसरी बार में कोई ऑर्डर नही मिल रहे है। कृषि मंडी निरीक्षक व एक जिला एक उत्पाद नोडल अधिकारी ने बताया कि जिले में सांची पार्लर के अलावा अन्य दुकानों पर अब चिन्नोर की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली गई है। जबकि ऑनलाइन अमेजन, फ्लीफ कार्ड और मिशो पर भी उत्पाद को बढ़ावा देने की कार्यवाही प्रचलित है।

# जिले को मिली 21 एम्बुलेंस में से छह पूरी तरह बंद



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट जिले में मरीजों को अस्पताल पहुंचाने वाली 108 एम्बुलेंस सेवा की स्थिति चिंताजनक है। जिले को मिली 21 एम्बुलेंस में से छह पूरी तरह बंद पड़ी हैं।

इनमें से 4 एम्बुलेंस मेंटेनेंस के अभाव में और 2 अन्य कारणों से बंद हैं। बंद पड़ी एम्बुलेंस में बैहर, बिरसा, बिठली और वारासिवनी जैसे दूरस्थ क्षेत्रों की सेवाएं शामिल हैं। इन क्षेत्रों से आने वाले कॉल पर दूसरे क्षेत्रों की एम्बुलेंस भेजी जा रही हैं।

चालू एम्बुलेंस की स्थिति भी ठीक नहीं है। वाहनों के दरवाजे रस्सी से बांधकर बंद किए जा रहे हैं। एम्बुलेंस के टायर और इंजन खराब हो चुके हैं। जिला अस्पताल में स्थित एडवांस लाइफ सपोर्ट वाली एयर कंडीशनर एम्बुलेंस के उपकरण और एसी भी खराब हैं।


वाहन चालकों का कहना है कि संचालक एजेंसी एम्बुलेंस का नियमित मेंटेनेंस नहीं करा रही है। खराब स्थिति में भी एम्बुलेंस का संचालन जारी है। इससे मरीजों को ले जाते समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है। विभाग की ओर से भी इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### 15 हजार किमी होना चाहिए मेंटेनेंस, 22 हजार किमी बाद भी नहीं हो रहा

बताया जाता है कि 15000 किलोमीटर एंबुलेंस चलने के बाद इनका मेंटेनेंस होना था, लेकिन 22000 किलोमीटर चलने के बावजूद मेंटेनेंस नहीं किया गया। लगभग सभी 108 एंबुलेंस के एसी बंद हैं। ऐसी स्थिति में बर्न मरीजों को परेशानी हो सकती है।

108 एंबुलेंस की सेवाओं का काम देखने वाले शुभम लिल्हारे बताते हैं कि कुछ एंबुलेंस में मेंटेनेंस का कार्य होना है। जिन क्षेत्रों में एम्बुलेंस नहीं हैं, उन क्षेत्रों में दूसरे क्षेत्रों की एंबुलेंस को भेज कर सेवाएं दी जा रही हैं। इसकी विभाग को भी जानकारी भेज दी गई है।

# रजेगांव की ओर से फोर लाइन की ओर जा रही टू व्हीलर को पीकप ने मारी टक्कर



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** सोनपुरी किरनापुर निवासी रूपेश वैद्य जो 21 मई को अपनी बच्ची मुस्कान वैद्य को लेकर सीओटी की परिक्षा में शामिल होने जा रहा था , उसे क्या मालूम था कि रजेगांव फोरलेन उसकी मौत का इंतजार कर रही है। जैसे ही रजेगांव से फोरलेन की पट्टी पर पहुंच ही रहा था कि बालाघाट की ओट से तेज रफ्तार से आ रही पीकप ने इतनी जोरदार टक्कर मारी की सोनपुरी निवासी रूपेश वैघ स्कुटी सहित घटना स्थल पर घायल हो गए और अपनी बच्ची मुस्कान वैघ को पकड़ कर गाड़ी से बाहर दूर ढकेल दिया जिससे वह पीकप की चपेट में आने से बच गई।

घटना की जानकारी देते हुए मुस्कान वैद्य ने बताया कि 21 म ई को उसकी सीओटी की परीक्षा 3:00 बजे से वारासिवनी में थी अपने पिता के साथ स्कूटी में जा रही थी की दोपहर 1:00 बजे जैसे ही वे फोरलेन पर पहुंचे सामने से तेज रफ्तार में आ रही पिकअप ने जोरदार स्कूटी को टक्कर मारी और फरार हो गई।पीकप का पिछला चक्का रूपेश वैध के सिर, सीने व पैर को रगड़ते हुए फरार हो गया घायल रूपेश और उसकी बच्ची मुस्कान वैघ को लिल्हारे डाक्टर साहब द्वारा गोंदिया सहयोग हास्पीटल ले जाया गया जहां घायल रूपेश वैध को आइसीयू में रखा गया और मुस्कान वैद्य को हांथ की दोनों अंगुलियां टूटने से हाथ में पल्टर बांधा गया। लेकिन घायल रूपेश की पत्नी नीतू वैघ ने बताया कि सहयोग हास्पीटल गोंदिया के डॉक्टर द्वारा कहा गया कि पहले चार लाख रुपए की बात किया फिर आपरेशन के समय ५० हजार रूपये जमा किया फिर आपरेशन होगा लेकिन जैसे ही आपरेशन थियेटर में ले जाया जा रहा था कि वे अपनी सांस छोड़ गए ,इससे साफ जाहिर होता है कि पहले डॉक्टर भगवान होता था अब नहीं उनकी पत्नी ने अपनी दुख भरी दास्तान सुनाई। यह रूपेश बाग जो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करते थे। मृतक रुपेश की आज परिवार ने खारी किया विसर्जन। जैसे ही गांव में यह खबर सुना, वह स्तब्ध रह गया।

### आंखों की समस्या से पीड़ित मरीजों क़ो हो रही परेशानी. प्रशासन ध्यान दें

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालबर्रा में नहीं है नेत्र रोग विशेषज्ञ

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।




लालबर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आंखों का डॉक्टर नहीं है. आंखों के इलाज के लिए गरीब मजदूर किसान और जरूरतमंद व्यक्तियों को इधर-उधर भटकना पड़ रहा है एक तरफ सरकार कहती है कि अंतिम छोर के व्यक्तियों को अच्छी से अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराई जाए वहीं दूसरी ओर लालबर्रा में लगभग 20 दिनों से आंखों का डॉक्टर नहीं है और नेत्र रोगी परेशान हो रहे हैं उक्त गंभीर विषय पर हरिभूमि प्रतिनिधि राहुल जायसवाल ने खंड चिकित्सा अधिकारी लालबर्रा ऋतिक पटेल से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि पूर्व में ही विभाग को लालबर्रा में आंखों के डॉक्टर के रिटायरमेंट की सूचना दे दी गई और वस्तुस्थिति सेभी अवगत करा दिया गया था क्षेत्र वासियों की मांग है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालबर्रा में जल्द से जल्द आंखों के डॉक्टर की व्यवस्था कराई जाए जिससे आंखों की समस्या से परेशान गरीब मजदूर और किसानों को आसानी से स्वास्थ सुविधा मिल सके।



# पुलिस ने 3.5 किलो गांजे के साथ युवक को किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट पुलिस ने शुक्रवार को बिहार के एक युवक को गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी मिन्नातुल्लाह उर्फ आर्यन शेख (26) कटिहार जिले के भोलागंज का रहने वाला है।

हट्टा थाना प्रभारी अविनाश राठौड़ के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर लोहारा और हट्टा मार्ग पर खैरगांव नाले के पास से आरोपी को पकड़ा गया।

पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने वाले आरोपी के स्कूटी से 3 किलो 480 ग्राम गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत केस दर्ज कर लिया है।

### फायरिंग में भी शामिल रह चुका आरोपी

जांच में सामने आया कि आरोपी पहले भी आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा है। 4 जून 2024 को वारासिवनी थाना क्षेत्र के कायदी में हुई फायरिंग में वह शामिल था। इस मामले में जमानत पर छूटने के बाद वह बिहार से बालाघाट आया और डोंगरिया में रहने लगा।

यहां वह कंस्ट्रक्शन साइट पर वाहन चलाने का काम करता था। पुलिस अब यह पता लगा रही है कि आरोपी गांजा कहां से लाया था और किसे देने जा रहा था।

### लिंगमारा तालाब में साफ-सफाई और जल संरक्षण का दिया संदेश

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन के कार्य निरंतर जारी है। इसी क्रम में वारासिवनी में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति लिंगमारा और मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं ने लिंगमारा में माता मंदिर के पास तालाब की साफ-सफाई की और जल संरक्षण का सन्देश दिया।इस दौरान ग्रामीण जनों को कोमेंद्र बिसेन के द्वारा शपथ दिलाई गई और जल संरक्षण के महत्व पर चर्चा की गई। विकासखंड समन्वयक सुरेंद्र कुमार भगत ने कहा कि जल संरक्षण के लिए हमें सामूहिक प्रयास करने होंगे और जल स्त्रोतों को बचाने के लिए सोख्ता गड्डे बनाने और जल संरक्षण निर्माण करने की आवश्यकता है। भगत जी ने कहा की हमारे द्वारा जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण एवं जन अभियान परिषद द्वारा अनेक प्रकार की जन जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

### पीडब्ल्यूडी, रेलवे और कॉन्ट्रेक्टर के समन्वय से पेंडिंग कार्यों में आएगी तीव्रता

# बारिश के पूर्व ओव्हर ब्रिज का कार्य शीघ्रता से करें पूर्ण

### कलेक्टर ने ओव्हर ब्रिज के पेंडिंग कार्यो की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने जिले में निर्माणाधीन ओव्हरब्रिज के कार्यो की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में पीडब्ल्यूडी, रेलवे के अधिकारी एवं कॉन्ट्रैक्टर को बारिश के पूर्व कार्यो के सम्बंध में निर्देशित किया गया। उन्होंने पीडब्ल्यूडी ब्रिज निगम के ओव्हरब्रिज की अपडेट जानकारी ली गई। साथ ही निर्देशित किया कि बारिश को अब कुछ ही समय शेष है ऐसे में पेंडिंग निर्माणाधीन कार्यों में तीव्रता लाना अनिवार्य है। कलेक्टर श्री मीना ने सरेखा ओव्हरब्रिज निर्माण के संबंध में निर्देशित किया कि 5 जुलाई तक कि समय सीमा निर्धारित है। ऐसी स्थिति में शीघ्रता से पेंडिंग कार्यो को पूर्ण करना पीडब्ल्यूडी, रेलवे एवं संबंधित कॉन्ट्रेक्टर की जिम्मेदारी है। बारिश की वजह से अक्सर कीचड़ जैसी समस्या का सामना करना पड़ता है जिससे कि गाड़िया कीचड़ में धस जाती है और ट्राफिक की समस्या का सामना करना पड़ता। शहर में यातायात प्रभावित न हो।इसके लिए संबंधित कॉन्ट्रेक्टर को 15 दिनों के अंदर कार्य पूर्ण कराने के लिए कहा गया है। बैठक में एडीएम श्री जीएस धुर्वे, संयुक्त कलेक्टर व प्रभारी एसडीएम श्री केसी ठाकुर, तहसीलदार अहिरवार, पीडब्ल्यूडी के अधिकारी, रेलवे अधिकारी एवं कॉन्ट्रेक्टर मौजूद रहे।

### निर्माणाधीन ओव्हरब्रिज से शहर वासियों को सुविधा प्रदान करना प्रशासन की जिम्मेदारी

कलेक्टर श्री मीना ने वारासिवनी ओव्हरब्रिज के निर्माणाधीन कार्यो को लेकर रेलवे के अधिकारी से अपडेट जानकारी मांगी। बताया गया कि 3 स्लैब्स रुके हुए है। साथ ही भू-अर्जन की वजह से गर्डर का कार्य भी पेंडिंग है। कलेक्टर मीना ने शीघ्र कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने भू-अर्जन को लेकर रजिस्ट्री संबंधित प्रक्रिया के संबंध में एसडीएम वारासिवनी श्री आरआर पांडे को सोमवार तक रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया है। कलेक्टर श्री मीना ने एसडीओपी वारासिवनी से निर्माणाधीन ओव्हरब्रिज के कारण शहर में आने वाली यातायात समस्याओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही उन्होंने यातायात के दौरान लाइट संबंधी समस्या को लेकर एसडीएम वारासिवनी को निर्देशित किया है कि वे संबंधित ग्राम के सरपंच से समन्वय कर पोल में लाइटिंग का कार्य पूर्ण करवाएंगे।



### बारिश में डेंजर रोड से आवागमन होता है प्रभावित, 15 जून से पहले ट्रैफिक मूवमेंट शुरू करना होगा

कलेक्टर श्री मीना ने गर्रा ओव्हरब्रिज के निर्माणाधीन कार्य को लेकर पीडब्ल्यूडी से जानकारी ली। बताया गया कि 4 में 3 पिल्लर की टेस्टिंग चल रही है, शीघ्र कार्य पूर्ण हो जाएगा। कलेक्टर श्री मीना ने रेलवे के अधिकारी को निर्देशित किया कि दिन में समस्या आ रही तो रात में कार्य किया का सकता है। चूँकि डेंजर रोड में बारिश के समय आवागमन बंद हो जाता है। इसलिए 15 जून से पहले दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों का ट्राफिक मूवमेंट करवाना सुनिश्चित करना होगा। कलेक्टर श्री मीना ने भटेरा ओव्हरब्रिज की भी अपडेट जानकारी प्राप्त करते हुए एमपीईबी को पोल शिफ्टिंग के संबंध में निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि पोल शिफ्टिंग की जिम्मेदारी विद्युत विभाग की है। वे अपने दायित्वों का निर्वहन जिम्मदारी पूर्व सुनिश्चित करेंगे।

### एनसीसी के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आज चौथा दिन

**बालाघाट।** एनसीसी के 96वें संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन की शुरुआत सुबह 5 बजे शारीरिक व्यायाम और पीटी से हुई। इसके बाद कैडेट्स को ड्रिल और हथियार का प्रशिक्षण दिया गया और एनसीसी कक्षा का संचालन किया गया। शाम में विशेष व्याख्यान के दौरान नगरपालिका परिषद बालाघाट की फायर फाइटिंग टीम ने कैडेट्स को आग से बचाव के तरीके बताए और फायर फाइटिंग का डेमो दिया। इसके बाद वालीबॉल और रस्साकशी खेल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी श्रवण बोदेले, लुखेन्द्र शिव और अन्य सहयोगी उपस्थित रहे।

### तथागत बुद्ध जयंती समारोह कल : दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया जिला शाखा जबलपुर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

भारतीय बौद्धो की सामाजिक संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया के माध्यम से पूरे भारत देश में धम्म का कारवां निरंतर गतिमान हो रहा है। इसी क्रम में जिला जबलपुर मुख्यालय में एक दिवसीय तथागत सम्यक सम्बुद्ध जयंती का आयोजन 25 मई दिन रविवार को लम्हेटाघाट (बौद्ध स्तूप)गोपालपुर, जबलपुर में किया गया है। समारोह के मुख्य अतिथि संस्था के राष्टीय उपाध्यक्ष,केन्द्रीय कार्यालय प्रमुख मुंबई एड.एस.के.भंडारे सर होगें। वही प्रमुख अतिथियों में संस्था के बी.एच.गायकवाड गुरूजी राष्टीय सचिव तथा म.प्र. द राज्य के प्रभारी मुंबई, डॉ.चरनदास ढेंगरे अध्यक्ष म.प्र. राज्य शाखा द.बालाघाट, गौतम पाटिल राष्टीय संघटक भोपाल, राजकपुर कामडे प्रदेश कार्यालय सचिव बालाघाट होगें। मुख्य वक्ता के रूप में आद. सुषमा ताई पाखरे प्रखर वक्ता लेखिका, कवियत्री वर्धा महाराष्ट होगी। वही विशेष अतिथि के रूप में नीरज सिंह लोधी विधायक बरगी जबलपुर, दीपक आड़कने, वैजयंतीमाला चिकाटे प्रदेश सचिव, एड. एस.एल.वर्मा, प्रदेश संघठक एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जबलपुर यादवराव मेश्राम करेगें। उदघाटन एंव धम्मदेशना पूज्य भंते कारुणिक जी एवं धम्मशरण जी करेंगे। समारोह की संपूर्ण व्यवस्था जिला महासचिव आनंद भारसाकले,कोषाध्यक्ष सिद्धार्थ ऊरकुडे,विजय कुमार फुले उपाध्यक्ष एवं पूरी टीम कर रही हैं,अतः जिला शाखा बालाघाट,जबलपुर एवं मध्यप्रदेश राज्य की ओर से सभी से कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की गई है।

